MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 319 | ग्वालियर , 13 सितम्बर बुधवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक पत्नी संग पहुंचे अक्षरधार मंदिर, भगवान स्वामी नारायण के लिए दर्शन

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक रविवार सुबह पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर पहुंचे. जहां उन्होंने परंपरिक रीति-रिवाज से भगवान स्वामी नारायण के दर्शन किए. बता दें कि दिल्ली में शनिवार रात से ही बारिश हो रही है. बारिश के बीच ब्रिटेन के पीएम सुनक मंदिर पहुंचे थे. वह जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आए हैं. जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले उन्होंने कहा था कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है. इसके साथ ही उन्होंने मंदिर में दर्शन करने की बात भी कही थी.बता दें कि ये कोई पहली बार नहीं है जब ब्रिटेन पीएम सुनक किसी धार्मिक स्थल या आयोजन में पहुंचे हों, इससे कुछ दिनों पहले ही पीएम सुनक इंग्लैंड में आयोजित मोरारी बापू की कथा में पहुंचे थे. जहां उन्होंने रामायण जी की आरती भी की थी. जहां



उन्होंने जय श्री राम के जयकारे भी लगाए थे. तब ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा था कि हिंदू धर्म उनके जीवन के हर पहलू में उनका मार्गदर्शन करता है.साथ ही उन्होंने कहा था कि हिंदू धर्म ही उन्हें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में सर्वश्रेष्ठ करने का साहस देता है. इस दौरान उन्होंने कहा था कि मैं यहां एक हिंदू के रूप में आया हूं. मेरे लिए धर्म बहुत व्यक्तिगत मामला है. प्रधानमंत्री बनना एक बहुत बड़ा सम्मान है, लेकिन यह आसान काम नहीं है. तब पीएम सुनक ने कहा था कि हमें कई कठिन फैसले लेने होते हैं, कठिन विकल्प होते हैं और मेरा धर्म मुझे अपने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने की साहस और शक्ति देता है.ब्रिटिश पीएम के अक्षरधाम मंदिर आने की वजह से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मंदिर के अंदर और इसके आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इलाके में पहले ही अवरोधक लगा दिए गए हैं, जी-20 शिखर सम्मेलन के चलते जांच की जा रही है. उन्होंने बताया कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की यात्रा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है.

## 6 राज्यों की सात सीटों के उपचुनाव की मतगणना जारी, यूपी की घोसी सीट पर सबकी नजर

देश के 6 राज्यों की सात विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव के आज नतीजे आ रहे हैं. जिसके लिए वोटों की गिनती जारी है. सबकी निगाहें उत्तर प्रदेश की घोसी सीट पर टिकी हुई हैं. इस सीट के लिए हुए विधानसभा उप चुनाव में कुल 2 लाख 17 हजार मतदाताओं ने अपने वोट का इस्तेमाल किया. मतगणना के लिए कुल 14 टेबल बनाये गए हैं. मतगणना कुल 32 राउंड में होगी. मतगणना के लिए यहां 19 टीमें लगाई गई हैं. घोसी सीट पर बीजेपी और सपा समेत कुल 10 प्रत्याशी उपचुनाव के मैदान में हैं.बता दें कि इन छह राज्यों में की 7 विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर भी देखा जा रहा है. ये उपचुनाव विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए बड़ा टेस्ट माना जा रहा है. बता दें कि जिन सात सीटों के बुधवार यानी 5



सितंबर को मतदान हुआ है. उनमें उत्तराखंड की बागेश्वर, उत्तर प्रदेश की घोसी, केरल की पुथुपल्ली, पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी, झारखंड की डुमरी और त्रिपुरा की बॉक्सानगर और धनपुर सीट शामिल हैं. वोटों की गिनती सुबह 8 बजे शुरू हुई है. आज शाम तक सभी सीटों के नतीजे जारी कर दिए जाएंगे.बता दें कि इन सात सीटों में से धनपुर, बागेश्वर और धूपगुड़ी पर बीजेपी का पहले से ही कब्जा है, वहीं यूपी की घोसी पर सपा और झारखंड की सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का कब्जा है. वहीं त्रिपुरा की बॉक्सनगर सीट और केरल की पुथुपल्ली सीट सीपीएम और कांग्रेस के पास हैं. उत्तर प्रदेश की घोसी सीट मौजूदा विधायक और ओबीसी नेता दारा सिंह चौहान के सपा छोड़कर बीजेपी में शामिल होने के बाद खाली हुई है. इसलिए इस सीट पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं. बीजेपी और सपा दोनों ही पार्टियां इस सीट पर जीत हासिल करने के लिए तत्पर हैं.अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी इस सीट पर एक बार फिर से कब्जा करने के लिए चुनावी मैदान में है. वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड की बागेश्वर सीट चार बार के विधायक और कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन के बाद इसी साल अप्रैल में खाली हो गई थी. केरल की पुथुपल्ली सीट पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता ओमन चांडी के निधन से खाली हुई थी. इस सीट पर अब किसका कब्जा होगा

## अमेरिका ने जी-20 को बताया पूरी तरह से सफल, तारीफ में कही यह बात

देश की राजधानी दिल्ली में रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन



को लेकर दुनियाभर में भारत की तारीफ हो रही है. अमेरिका, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन समेत कई बड़े देश नई दिल्ली में जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खुलकर तारीफ कर चुके हैं. दुनिया में सुपर पावर की हैसियत रखने वाले अमेरिका ने भी इसे पूरी तरह से सफल आयोजन बताया है. अमेरिकी विदेश विभाग के आधिकारिक प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को कहा कि हमारा पूरी तरह से मानना है कि यह एक सफलता थी. प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे मैथ्यू मिलर ने यह बात कही. जब उनसे पूछा गया कि चीन और रूस दोनों जी-20 के सदस्य हैं...तो क्या ऐसे में जी-20 सम्मेलन सफल रहा. तो मिलर ने जवाब में कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन पूरी तरह से सफल रहा. मीडिया ने जब उनसे दिल्ली डिक्लेरेशन से रूस की अनुपस्थिति के बारे में पूछा तो मिलर ने कहा कि दिल्ली घोषणा में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के सम्मान की बात कही गई है. इसमें हर देश की अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने पर बल दिया गया है और इन सिद्धांत का उल्लघंन नहीं किए जाने की बात कही गई है. यह एक अति महत्वपूर्ण बात है. उन्होंने कहा कि यह एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण बयान है.आपको बता दें कि जी-20 समिट के दौरान सभी सदस्यों को सहमत कर दिल्ली घोषणा को जारी करना सबसे कठिन माना जा रहा था. क्योंकि रूस-यूक्रेन वॉर के चलते पूरी दुनिया दो धड़ों में बंटी हुई है. ऐसे में जी-20 के पश्चिम देश रूस के खिलाफ हैं. यही वजह है कि दिल्ली घोषणा बिना रूस के जिक्र के जारी करना काफी मुश्किल भरा था. लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय राजनियकों व शेरपा ने यह असंभव दिखने वाला काम संभव कर दिखाया.

## फर्जी जमीन सौदे में मुंबई के व्यवसायी से 2.80 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में दिल्लीवासी गिरफ्तार

**मुंबई-** मुंबई पुलिस ने फर्जी जमीन लेनदेन में मुंबई के एक व्यवसायी से 2.80 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दिल्लीवासी नितिन वसंत माने को गिरफ्तार किया है।माने ने एक साथी के साथ मिलकर पीड़ित को व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए मुंबई के बोरीवली में जमीन का एक टुकड़ा बेचने का वादा किया।आरोपी जोड़ी ने व्यवसायी को बताया कि जमीन परवेज ईरानी नाम के व्यक्ति से जुड़े कानूनी विवाद में फंसी हुई है। अपनी योजना में विश?वसनीयता जोड़ने के लिए उन्होंने खुद को ईरानी बताने वाले एक व्यक्ति को पेश किया और पीड़ित को जमीन की खरीद को अंतिम रूप देने



के लिए मना लिया।माने और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया गया और सत्र अदालत और बॉम्बे उच्च न्यायालय दोनों ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। माने और उसके साथी दोनों पर जालसाजी, आपराधिक साजिश और भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत आरोप हैं।शिकायतकर्ता के अनुसार, उसे नरेश पाटिल के स्वामित्व वाले 938 वर्ग मीटर के प्लॉट के बारे में पता चला, जिसकी बिक्री के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी नागराज देवेंद्र के पास थी।पीड़ित को प्लॉट के लिए 6 करोड़ रुपये की कीमत बताई गई थी, जिसमें कथित तौर पर 4 करोड़ रुपये ईरानी को दिए जाएंगे, और शेष 2 करोड़ रुपये पाटिल के परिवार को दिए जाएंगे।माने ने दस्तावेज़ीकरण और 45 लाख रुपये के शुल्क पर भूमि हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करने में अपनी मदद की पेशकश की। बाद की जांच से पता चला कि माने ने तीन अन्य लोगों - राजकुमार सिंह, रवि कुमार और वकील सुनील बुधवंत के साथ मिलकर व्यवसायी को ठगने के लिए एक फर्जी योजना तैयार की थी।4 अप्रैल को माने ने सिंह को ईरानी के रूप में पेश किया और पीड़ित से 2.80 करोड़ रुपये ठग लिए।अधिकारियों ने सभी संदिग्धों के बीच फोन के जरिए घनिष्ठ संचार के सबूत उजागर किए।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने रेलवे से कहा: मस्जिदों को ढहाने के लिए जारी किए गए नोटिस पर रिकॉर्ड पेश करें




**नई दिल्ली।**दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को रेलवे को रेलवे ब्रिज और बाबर रोड रेलवे लाइन के पास स्थित मस्जिद तकिया बब्बर शाह और बंगाली मार्केट मस्जिद की दीवारों पर चिपकाए गए दो डिमोलिशन नोटिसों के संबंध में रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति प्रतीक जालान दिल्ली वक्फ बोर्ड द्वारा दो नोटिसों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहे थे और प्रशासन को अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया था।न्यायाधीश ने संबंधित रिकॉर्ड अदालत में लाने का निर्देश देते हुए कहा, मैं देखना चाहता हूं कि रेलवे प्रशासन संपत्ति, तारीख का उल्लेख किए बिना कैसे नोटिस जारी कर रहा है।केंद्र के वकील ने कहा कि नोटिस रेलवे अधिकारियों द्वारा जारी किए गए थे और यह संबंधित व्यक्तियों की पूरी जानकारी के बाद किया गया था।वकील ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा, मुझे एक हलफनामा दाखिल करने दीजिए। मैंने रिकॉर्ड की जांच की। सभी को पूरी जानकारी देने के बाद नोटिस चिपका दिया गया है।इसके बाद जज ने चार हफ्ते का समय दिया और कहा कि 26 जुलाई को पारित अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

## शादी समारोह में झगड़े के बीच दूल्हे-दुल्हन ने पिया जहर, दूल्हे की मौत; आई सी यू में दुल्हन

**इंदौर**.मध्य प्रदेश के इंदौर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां विवाह समारोह के दौरान दूल्हे और दुल्हन पक्ष में झगड़ा हो गया, जिसके बाद दूल्हे ने जहर पी लिया. दूल्हे के जहर पीने की खबर पाते ही दुल्हन ने भी जहर पी लिया. दूल्हे की मौत हो गई है, तो दुल्हन आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है. ये मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा था, जिसमें लड़का शादी से मुकर गया था. लेकिन लड़की के केस दर्ज कराने के दो साल बाद दोनों पक्षों में शादी को लेकर रजामंदी हो गई. और फिर जब शादी होने लगी, तो किसी बात पर झगड़ा होने के बाद ये खौफनाक कदम उठा लिया.ये मामला इंदौर के कनाडिया इलाके का है. जहां एक मंदिर में शादी समारोह का आयोजन किया गया था.



दोनों पक्ष भी मौके पर मौजूद थे, तभी किसी बात को लेकर बहस हो गई. इस बहस के दौरान ही दूल्हे ने जहर पी लिया. उसकी खराब हालत को देखते हुए अस्पताल ले जाया गया. इस बीच दुल्हन के भी जहर पी लेने की खबर फैल गई. दूल्हे की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई, तो दुल्हन को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है.स्थानीय पुलिस अधिकारी रमजान खान ने मामले की पुष्टि की है. उन्होंने कहा है कि दूल्हे के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग था. लड़की शादी के लिए दबाव डाल रही थी, लेकिन लड़का उससे 2 साल का समय मांग रहा था. इसके बाद लड़की ने केस दर्ज करा दिया. फिर दबाव के बीच दोनों पक्ष शादी के लिए राजी तो हुए, लेकिन उसका नतीजा अब सामने है. जिसमें दूल्हे की मौत हो चुकी है, तो दुल्हन भी जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है.

## केंद्र ने मद्रास हाईकोर्ट में 5 न्यायाधीशों की नियुक्ति को अधिसूचित किया

**नई दिल्लीः** केंद्र ने मंगलवार को सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा 31 अगस्त को की गई सिफारिशों के बाद दो सप्ताह के भीतर मद्रास उच्च न्यायालय में पांच न्यायाधीशों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की। राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति ए.ए. नक्कीरन, निदुमोलु माला, एस. सौंथर, सुंदर मोहन और कबाली कुमारेश बाबू को को नियुक्त किया। इन?हें उस तारीख से मद्रास उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त माना जाएगा, जब वे कार्यभार ग्रहण करेंगे।कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति न्यायाधीशों (द्व) ए. ए. नक्कीरन (द्वद्व) सुश्री निदुमोलू माला, एस. सौंथर, सुंदर मोहन और (1) कबाली कुमारेश बाबू को नियुक्त करते हुए प्रसन्न हैं। मद्रास उच्च न्यायालय के उस दिन से न्यायाधीश होंगे, जिस तारीख से वे अपने संबंधित कार्यालयों का प्रभार ग्रहण करेंगे।सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 20 जून को सर्वसम्मति से इन पांच नामों की सिफारिश करने के बाद मद्रास उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीशों के रूप में पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की थी।शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों से परामर्श किया था



# 08 वर्ष पूर्व के हत्या के अपराध में आजीवन सिद्धदोष अपराधी के विरुद्ध बामोर कला पुलिस की कार्यवाही



**राकेश परिहार पिछोर**

**पिछोर।**पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदोरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में फरार अस्थाई सिद्ध दोष अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में दिनांक 10/09/2023 को थाना बामोर कला एवं थाना करेरा की संयुक्त टीम जिसमें थाना प्रभारी बामोर कला उनि. पुनीत वाजपेई के नेतृत्व में प्रआर0 15 रघुवीर सिंह पाल आर0 764 आकाश सिंह ,आर 0चा0 1029 मोहित शर्मा एवं थाना करैरा संजय भगत , आलोक जैन द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर से द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश करेरा के प्रकरण क्रमांक0 334/22 अप, क,661/15 धारा 302 ,147,148,149, आईपीसी में दोससिद्ध अपराधी अनिल पुत्र अनूप सिंह लोधी निवासी सिलारपुर थाना करेरा जिला शिवपुरी को पिपरा के आगे हनुमान मंदिर के पास से फोर्स की मदद से गिर , किया गया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बामोरकला उनि, पुनीत बाजपेई, रघुवीर सिंह पाल, आकाश सिंह, मोहित शर्मा एवं थाना करैरा से संउनि, संजय भगत आलोक जैन के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया

# शिवपुरी पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही जारी, पुलिस थाना करैरा ने 80 लीटर कच्ची शराब कीमती 30 हजार रुपये तथा एक मोटर सायकिल सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरिओम चतुर्वेदी**
**ब्यूरो चीफ**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले के मार्गदर्शन में दिनांक 10.09.2023 की रात थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि दो व्यक्ति अपनी एचएफ डिलेक्स मोटर सायकिल पर दोनो तरफ शराब से भरी प्लास्टिक की कैनो को लटकाये हुए हाईवे रोड रजनी वाटिका के पीछे विक्री कर रहे है उक्त सूचना की तस्दीक करने हेतु मुखबिर के बताये स्थान के पास पहुचे तो दो व्यक्ति मुखबिर के बताये स्थान के पास खडे दिखे उनके पास एक मोटर सायकिल पर दो प्लास्टिक की कैन बंधी हुई थी। दोनो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गया तथा एक व्यक्ति को हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पकडा तो उसने अपना नाम मंगल



बरार पुत्र नाथू उर्फ नत्थू बरार उम्र 38 साल नि0 चंगेर पहाडी दाल मील के पीछे करैरा का होना बताया । भागने वाले व्यक्ति के संबंध में नाम पता पूछा तो उसने अशोक कंजर नि0 करैरा का होना बताया । आरोपी के कब्जे बाली दोनो कैनो को लेकर उनके ढक्कन खोलकर देखा तो उसमें भट्टी की बनी कच्ची शराब करीब 40-40 लीटर भरी होना पाई गई आरोपी से शराव रखने लाने ले जाने के संवंध मे लायसैंस मांगा तो नही होना वताया। कुल 80 लीटर कच्ची शराब कुल कीमती 30 हजार रूपये एवं एचएफ डिलेक्स मोटर सायकिल कीमती 40 हजार रूपये को जप्त किया गया तथा आरोपी दिनेश नामदेव को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अप0 क्र0 632/23 पंजीबद्ध किया गया है।

बरामद मालङ्क 01. दो प्लास्टिक की कैनो में 40-40 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब कीमती 30 हजार रुपये, 02 एक एचएफ डिलेक्स मोटर सायकिल कीमती 40 हजार रूपयेइनकी रही भूमिकाङ्क थाना प्रभारी निरी.सुरेश शर्मा , सउनि प्रवीण त्रिवेदी ,आर 1073 अनूप ,आर 338 हरेन्द्र गुर्जर , आर 517 संतोष पाठक ,आर 939 सोनू श्रीवास्तव ,आर 262 सतेन्द्र सिकरवार ।

# गाडरबाड़ा दरबार का हुआ स्वागत चाचौड़ा में सुंदरकांड के आयोजन में गाडरबाड़ा दरबार का हुआ आगमन

**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

इस अवसर पर चाचौड़ा नगर वासियों द्वारा गाडरबाड़ा दरबार का हार फूल मालाओं से स्वागत किया गया इसी क्रम में चाचौड़ा निवासी नाथू लाल जी सोनी के निवास पर भी गाडरबाड़ा दरबार का आगमन हुआ इस अवसर पर नाथू लाल जी सोनी दीपू सोनी एवं गोलू सोनी मनीष सोनी राहुल सोनी बरसत वाले सोमू शेलू सोनी दीपक शर्मा सुनील शर्मा दीपू शर्मा मातादीन शर्मा एवं परिजनों के द्वारा हार फूल माला से स्वागत किया गया एवं आशीर्वाद लिया



# पिछोर /खनियाधाना के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आज बिजली की रहेगी कटौती

**राकेश परिहार पिछोर**

पिछोर आज पिछोर खनियाधाना सहित खोड, भौंती के ग्रामीण इलाकों में सुबह रहेगी विद्युत सप्लाई बंद। म.प्र.म.क्षे.वि.वितरणकंपनी के प्रबंधक घनश्याम प्रसाद दक्ष ने जानकारी देते हुऐ बताया कि विद्युतवितरण केन्द्र पिछोर/खनियाधाना शहर, ग्रामीण सहित खोड ,भौंती में 12सितम्बर मंगलवार को 220 केव्ही पिछोर की मेनवस लाइन का मेंटेनेस का कार्य किया जाना है जिस कारण से 33 केव्ही के सभी फीडर पिछोर शहर,खोड,करारखेड़ा, पडरा,नया चौराहा आदि इन फीडरों पर विद्युत सप्लाई सुबह 07 बजे से 11बजे तक बंद रहेगी।इसके साथ ही सभी सहायक प्रबंधकों को अपने विद्युत वितरण के अंतर्गत आने वाले 33केव्ही फीडरों के मेंटीनेंस कराने हेतु कहा गया।

# चाचौड़ा में हो रहे सुंदरकांड में गाडरवाड़ा दरवार का हुआ आगमन जोरशोर से साथ श्रद्धालुओं ने स्वागत

**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

चाचौड़ा में सुंदरकांड का आयोजन कि जीसीसीया गया था जिसमें चाचौड़ा से 40 किलोमीटर दूर गाडरवारा हनुमान जी सरकार का मंदिर है वहां पर गाडरवारा दरबार गुरुजी को चाचौड़ा के लोगों द्वारा आमंत्रित किया गया था सुंदरकांड में गाडरवारा दरबार पहुंचे श्रद्धालुओं ने स्वागत में ढोल नगाड़े के साथ गाडरवारा दरबार को मंदिर तक लाया । गाडरवारा दरबार को स्व?ा पुष्प हार पहनाकर किया स्वागत ।गाडरवारा धाम हनुमान जी महाराज का मंदिर है यहां पर भी धीरेंद्र शास्त्री छतरपुर गड़ा वालों की जैसे दरबार लगाया जाता है गाडरवारा धाम हनुमान जी महाराज सरकार के मंदिर पर मंगलवार को दरबार



लगाया जाता है कोई भी श्रद्धालु 11 हनुमान जी के मंदिर की परिक्रमा लगता है तो उसकी अर्जी लग जाती है फिर गाडरवारा दरबार किसी भी व्यक्ति को नाम के साथ उठा लेते हैं और उसके बिना बताए ही पर्चा बना देते हैं जो उसके मन में होता है वह दरबार बता देते है ।

चाचौड़ा में पहुंचकर गाडरवारा दरबार में सभी भक्तो से कहा कि रोज सुबह 5ऱ00 बजे उठाना है चाहिए और हनुमान जी महाराज के सुंदरकांड ओर हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए जिससे कि आपके जीवन में खुशहाली आए और सभी संकटों का नाश होता है ।और उन्होंने कहा कि जब भी हनुमान जी महाराज का आदेश होगा हम चाचौड़ा में भी एक दिन का दरबार लगाएंगे

# शिवपुरी पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही, पुलिस थाना करैरा द्वारा एक मोटर सायकिल सहित 20 किग्रा. गांजा कुल माल 20 लाख 60 हजार रूपये का जप्त कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**हरिओम चतुर्वेदी**
**ब्यूरो चीफ**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले के निर्देशन में दिनांक 11.09.2023 की रात्रि में थाना करैरा पुलिस को मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि झांसी तरफ से दो व्यक्ति हीरो मो.सा. स्न्न33स्न्न1001 से अवैध रूप से दो प्लास्टिक की बोरी एवं एक हरे रंग के बैग में गांजा लेकर बेचने के उद्देश्य से करैरा तरफ आ रहे है उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मय फोर्स के आई लव तिराहा हाईवे रोड पहुंचकर झांसी तरफ से आने बाले रोड पर चैकिंग लगाई गई तभी झांसी तरफ से एक मोटरसाईकिल जिस पर दो व्यक्ति दोनों तरफ प्लास्टिक की बोरी लटकाए हुए दोनो व्यक्तियों के बीच मे एक बैग रखे हुए आते दिखाई दिया जिन्हे हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पकडा और नाम पता पूछा तो गाडी चलाने बाले ब्यक्ति ने अपना नाम मायाशिव उर्फ शिवा लोधी पुत्र बलवान लोधी उम्र 20 वर्ष नि. ग्राम जुझाई थाना करैरा जिला शिवपुरी तथा पीछे बैठे ब्यक्ति




ने अपन नाम कुनाल उर्फ अजय राजपूत पुत्र रामनारायण राजपूत उम्र 23 वर्ष नि. ग्राम बैदोरा थाना बबीना झांसी उत्तर प्रदेश का होना बताया । तलाशी लेने पर दोनो आरोपियों के कब्जे बाली दोनों बोरियों में सूखा गांजा तथा बैंग की चैन को खोलकर देखा तो उसमे भी सूखा गांजा मादक पदार्थ मिला कुल मादक पदार्थ गाँजा वजन 20 किलो कीमती 20 लाख रुपये तथा काले नीले रंग की हीरो डिलेक्स क्र0 33 स्न्न 1001 कीमती 60 हजार रूपये कुल माल मशरूका 20 लाख 60 हजार रूपये बरामद किये गये । उपरोक्त आरोपीगणो के विरूद्ध अप.क्र. 633/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया । आरोपियों से बरामद शुदा मादक पदार्थ गाँजा के सप्लायरों के संबंध में पूछताछ की जा रही है ।

**बरामद माल**-01. मादक पदार्थ गाँजा वजन 20 किलो कीमती 20 लाख रुपये 02. हीरो डिलेक्स क्र0 33 1001 कीमती 60 हजार रूपये

कुल माल मशरूका 20 लाख 60 हजार रूपये

**इनकी रही भूमिका**- थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, उनि कलेस्तुस लकडा, सउनि प्रवीण त्रिवेद्वी, प्रआर 391 मोहन सिह वघेल ,आर0 1073 अनूप कुमार, आर0 338 हरेन्द्र गुर्जर, आर0 688 आलौक जैन, आर0 732 संजीव श्रीवास्तव ,आर 670 देवेश तोमर ,आर 639 सोनू श्रीवास्तव ,आर 517 संतोष पाठक ,आर 260 गजेन्द्र शर्मा,आर 1011 संदीप चौहान ,आर. आलौक ब्यास (सायवर सैल शिवपुरी) ,सैनिक 190 रामनिवास ।

# आबकारी विभाग की टीम द्वारा 25 प्रकरणों में 90 हजार से अधिक कीमत की शराब व लहान जप्त

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी,** ।वर्तमान में आगामी मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए शिवपुरी जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु गतदिवस जिला आबकारी विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही की गयी। विगत सप्ताह में 25 प्रकरणों में 90 हजार 487 से अधिक की कीमत की शराब व लहान जप्त की गई है। कलेक्टर रवीन?द्र कुमार चौधरी द्वारा सतत कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में म.प्र. आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्य नयन एवं विक्रय के विरूद्ध जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार गुप्ता के निर्देशन में विगत सप्ताह में कुल 217 लीटर देशी व हाथ भट्टी मदिरा, 21.4 लीटर विदेशी मदिरा तथा लगभग 500 कि.ग्रा. लहान जप्?त कर म.प्र. आबकारी



अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 25 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। कुल जप्त शराब व लहान की कुल अनुमानित कीमत 90487 रूपये है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी विभाग शिवपुरी के द्वारा मदिरा के अवैध बिक्री पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।

# आदिवासी वर्ग के लोगों की खेती पर किए जा रहे जबरन कब्जे



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। ग्राम घुघरी पंचायत बमनी पोस्ट सलैया तहसील पटेरा के अंतर्गत आदिवासी वर्ग के लोगों द्वारा तीस चालीस वर्षो से कब्जे की जमीनों पर खेती की जा रही थी किंतु कुछ लोगों के द्वारा उनकी जमीनों पर जबरन खेती की जा रही है एवं शिकायत करने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। ज्ञापन देने आये देवीसिंह गौंड ने बताया कि गोविंद यादव द्वारा गुंडा गर्दी की जाती है जिससे जिस कारण से हम खेती भी नही कर पाते है और हमारी खेती पर जबरन ट्रैक्टर चलाए जाते है वहीं समाजसेवी प्रवेंद्र चंद्राकर ने सपूर्ण मामले को पुलिस अधीक्षक दमोह को विषय से अवगत कराया तथा न्याय की मांग की।ज्ञापन देने वाले सदस्यों में बिंदु तटौतिया, जितेंद्र रोहित,महेन्द्र नेता,डालसींग, थानसींग, हुकम सींग, संतोष गौंड, सुरेश गोंड,रूपसिंह इत्यादि लोगों की मौजूदगी रही।



# गुमटी में अवैध शराब बेचते शराब तस्कर पकड़ा, 38 हजार रुपए की शराब बरामद

**मुरैना।** जिले की टेंटरा थाना पुलिस ने ग्राम गढला में गुमटी के नीचे अवैध शराब रखकर बेच रहे एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर 38 हजार रुपए कीमत की शराब बरामद कर आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए शराब के निर्माण एवं परिवहन को रोकने चलाए जा रहे अभियान के तहत टेंटरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र मालवीय को बीती रात कॉम्बिंग गश्त के दौरान वारन्टीयों की तलाश करते हुये कैमारा खुर्द पहुंचे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गढला में एक व्यक्ति अवैध शराव लेकर आया है और अपनी गुमटी के नीचे छुपाकर रखी है। मुखविर की सूचना पुलिस टीम ने ग्राम गढला मैं आरोपी की गुमठी के नीचे तलासी ली गई तो दो प्लास्टिक के कट्टे में राजस्थान की ढोला मारू अवैध शराब के 132 क्वाटर मिले तथा पाँच पेटी देशी मंदिरा प्लेन की मिली कुल 68.76 बल्क लीटर कीमती करीब 38200 रूपये बरामद की गई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. धर्मेन्द्र मालवीय, सउनि अशोक मीणा, प्र. आर. लक्ष्मीनारायण, सुग्रीव, महेन्द्र तोमर, मयंक शर्मा, राकेश, नंदकिशोर, कल्याण शर्मा, प्रदीप शर्मा, श्यामवरन, अमित की सराहनीय भूमिका रही।



# प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर दी बधाई



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया,प्रांत प्रमुख सतीश खरे के द्वारा दमोह जिला अध्यक्ष के पद पर पवन खरे को मनोनीत किया गया। प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के पवन खरे को दमोह जिला अध्यक्ष बनने पर आरिफ अंजुम,नीरज नायक,मोहन ठाकुर,कैलाश असाटी,रामप्रकाश शुक्ला,विजय सिंह लोधी, अजय रोहित, मानसिंह लोधी,शैलेंद्र सिंह ठाकुर पटवारी अजय पटेल,अनुराग गोस्वामी,पारस साहू,नरेंद्र नामदेव,संजय गांगरा, मयंक सोनी,शिवराम पटेल,रमेश पटेल,संजीव श्रीवास्तव, पंकज जैन ,रघुबीर प्रसाद, लल्लू लाल अठ्या द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित कि गयी।

# नामदेव समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न

## मुख्यमंत्री के नाम 5 सूत्रीय मांग पत्र पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया को सौंपा

**दमोह** – आदर्श नामदेव सेवा समिति, नामदेव समाज दमोह द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया, दमोह विधायक अजय टंडन, कार्यक्रम अध्यक्ष सिविल सर्जन डॉ राजेश नामदेव, विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ मलैया, धर्मदास नामदेव, जमुना नामदेव मंचाशीन रहे। कार्यक्रम में समाज के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई।सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं पूजन, दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत लोक कलाकार मुकेश नामदेव मगरोन द्वारा प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात समाज के सदस्यों द्वारा मंचाशीन अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम का कार्यक्रम का उद्देश्य नामदेव समाज अध्यक्ष राजू नामदेव द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं नामदेव समाज द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम 5 सूत्रीय मांग पत्र पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया को सौंपा। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समाज का गौरव बढ़ाने वाले सार्थक नामदेव को एडवोकेट संतोष नामदेव के द्वारा 5100 रूपये की पुरस्कार राशि की घोषणा कि जो विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ मलैया के करकमलों द्वारा प्रदान की गई।मुख्य अतिथि जयंत कुमार मलैया ने अपने उद्बोधन में कहा कि नामदेव समाज द्वारा सौंपे गए मांग पत्र से माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अवगत कराएंगे एवं उक्त मांगों पर शीघ्र कार्रवाई के लिए आग्रह करेंगे। जयंत मलैया ने कहा कि नामदेव समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह से समाज के युवाओं एवं छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ेगा एवं उन्हें प्रोत्साहन प्राप्त होगा। सफल आयोजन के लिए नामदेव समाज समिति को अनंत शुभकामनाएं एवं बधाई। विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ मलैया ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनसे मुलाकात कर प्रोत्साहित किया और कहा कि सम्मान समारोह एक माध्यम है समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए। नामदेव समाज द्वारा आयोजित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग के लिए सदैव तत्पर हूं।



# संविदा उपयंत्री सतेन्द्र पटेल की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

सतना कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक रोजगार गारंटी श्री अनुराग वर्मा ने जनपद पंचायत अमरपाटन के संविदा उपयंत्री सतेन्द्र पटेल वर्तमान पदस्थापना जनपद रामपुर बाघेलान की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है।अपचारी उपयंत्री सतेन्द्र पटेल पर संविदा उपयंत्री रहते हुए ग्राम पंचायत झिन्ना में अनियमितताओं का दोषी पाए जाने, 23 दिवस तक जेल में निरुद्ध रहने, न्यायालय कमिश्नर रीवा संभाग में झिन्ना अनियमितताओं के तथ्यों को छुपाकर गुमराह करने और सीईओ जिला पंचायत को लोकायुक्त प्रकरण जांच वसूली के प्रकरण लंबित नहीं होने का झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत कर संविदा वृद्धि कराये जाने के आरोप सिद्ध पाए गए हैं। इस कारण कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक ने संविदा उपयंत्री की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर सेवा से पृथक कर दिया है। संबंधित को एक माह अग्रिम मानदेय प्रदान करते हुए पद से पृथक होने का आदेश जारी कर दिया गया है।

# अम्बाह विद्यार्थियों ने सीखे नैट परीक्षा की तैयारी करने के गुर कैसे करे तैयारी...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह , में कैरियर निर्माण कार्यक्रम के अन्तर्गत



आयोजित 'नैट तथा जूनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा की तैयारी कैसे करें' कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों ने नैट एवं जूनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा की तैयारी करने के तरीकों को समझा। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उमा बघेल तथा अम्बिका गुप्ता द्वारा नैट परीक्षा की तैयारी के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान कर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि उमा वघेल तथा अम्बिका गुप्ता दोनों ही नैट एवं जूनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी हैं। वर्तमान में उमा जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में शोध छात्रा के रूप में शोध कार्य कर रहीं हैं। इस अवसर पर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी यदि स्नातक तथा स्नातकोत्तर पठ्यक्रमों का गंभीरता पूर्वक अध्ययन करें तो ना केवल नैट अपितु किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय में यह कार्यक्रम आईक्यूएसी के तत्वाधन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विश्वास मेढ़ेकर ने कहा कि वर्तमान में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में न केवल देश में अपितु विदेशों में भी कैरियर निर्माण की व्यापक संभावनायें विद्यमान हैं। अतः विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में विद्यमान अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के नैक प्रभारी डॉ. कमल भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. व्ही. के. जैन ने प्राचार्य महोदय एवं अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में गिरिजा शर्मा द्वारा अतिथियों का आभार प्रगट किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. मनोज कुमार शर्मा तथा आरती गुर्जर का विशेष सहयोग रहा।

# सहसराम में जारी है भ्रष्टाचार का खेल हमारी टीम पुष्पांजलि टुडे आज 12 :00 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर पहुंची विद्यालय पर ताला लगा हुआ था







कुछ छात्र इधर-उधर घूम रहे थे जब हमने बच्चों से पूछा बेटा पढ़ने आए हो विद्यालय तो बंद है बच्चों ने कहा विद्यालय रोज इसी तरह खुलता है कोई पढ़ाने नहीं आता है प्राचार्य जगदीश वर्मा से फोन पर संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि सारा स्टाफ चुनाव प्रशिक्षण में गया हुआ है हमने पूछा अतिथि शिक्षक भी चुनाव प्रशिक्षण में है क्या उन्होंने कहा हां जबकि अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में ड्यूटी नहीं लगती है काफी देर इंतजार करने के बाद तीन अतिथि शिक्षक विद्यालय में उपस्थित हुए प्रीति जादौन इंद्र सिंह धाकड़ एक और थे जो अपना नाम बताने से भी कतरा रहे थे इससे यह सिद्ध होता है की वह किसी और अतिथि शिक्षक की जगह अपनी सेवा देने आया था बच्चों से पूछा तो बच्चों ने बताया कि किसी की नौकरी करने कोई और आते हैं किसी का ससुर आता है किसी का पति आता है बहन की जगह भाई आता है ऐसा खेल जारी है विद्यालय में उच्च माध्यमिक शिक्षक वीनेश वर्मा संस्कृत की होते हुए भी इंदर सिंह धाकड़ को संस्कृत के पद पर अतिथि शिक्षक रख लिया है जबकि शासन यह कहता है की छात्र अगर विद्यालय में पढ़ने आ रहे हो तो ही अतिथियों की सेवाएं ली जाए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहसराम में हमारे द्वारा करीब 6/7 बार भ्रमण किया गया है हर बार 10 कभी 5 बच्चे ही मिलते हैं लेकिन जगदीश वर्मा प्राचार्य द्वारा 12 अतिथि शिक्षकों को लगा रखा है जिनका ना ही तो स्टाफ रजिस्टर है ना ही स्टाफ की सूची है कई अतिथि तो ऐसे लगा रखे हैं जिनके पास ना ही तो व्यावसायिक योग्यता डृ.श्वस्र है हायर सेकेंडरी अतिथि के लिए डृद्गस्र होना अनिवार्य है लेकिन जगदीश वर्मा जी द्वारा बगैर बीएड वालों को भी अतिथि लगा लिया है एक अतिथि शिक्षक तो स्र्श्वस्र किए हुए हैं और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उनका पोर्टल पर नाम चढ़ा हुआ है जो दो-तीन अतिथि आते हैं वह स्थानी है और अपनी कोचिंग भी चलाते हैं और 1ः00 बजे के करीब ही विद्यालय में कुछ घंटे के लिए आते हैं और चले जाते हैं बाहर एक कोने में दादा बैठे हुए थे हमने जब उनसे पूछा तो उन्होंने बताया वर्मा जी से मिलने बैठे हैं उन्होंने हमारी बच्ची को अतिथि में लगाने का वादा किया है दादा ने हमें एक रिकॉर्डिंग सुनाई जिसमें प्राचार्य यह कहते हुए दिख रहे हैं कि आपका काम हो जाएगा और विश्वास नहीं हो तो जो आपने दिया है वह वापस ले लो आपकी बच्ची को लगा दिया जाएगा और उसको विद्यालय भी नहीं आना पड़ेगा इससे यह सिद्ध हो रहा है कि पैसे लेकर फर्जी अतिथि लगाए जाते हैं चाहे वह विद्यालय आए या नहीं आए शासन प्रशासन अभी भी आंखें बंद किए हुए बैठा है जिम्मेदार अधिकारी मौन है एक सज्जन भागते हुए देखे हमने छात्रों से पूछा तो उन्होंने बताया कि यह वर्मा जी के आदमी है उनके लिए काम करते हैं लेनदेन वाला

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें : कलेक्टर

# समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड में आयोजित की गयी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम,एडीएम राजकुमार खत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व सौंपे गए हैं उनका गंभीरता से पालन करना सुनिश्चित करें।उन्होंने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित कर कहा कि अपने विभाग अंतर्गत स्वीप गतिविधि प्रतिदिन की जाए। 18 वर्ष से ऊपर के कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे।उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों




का निरीक्षण कर आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को चैक कर लिया जाए। ताकि समय रहते समुचित व्यवस्थाओं की पूर्ति सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त विभाग सीएम हैल्पलाईन में लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण प्राथमिकता से करें साथ ही सभी विभाग शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर फाइल बंद कराएं।उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक किया जाए, बिना कार्यवाही के कोई भी शिकायत लम्बित नहीं रहे। 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का चर्चा कर फोर्स क्लोज की कर्रवाई की जाए।उन्होंने कहा कि जिन विभागों के पास कम शिकायत हैं वो उनका संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर पेंडेंसी क्लियर करें। जिन विभागों के पास अधिक शिकायतें हैं, वे ज्यादा से ज्यादा निराकरण कर स्थिति संतोषजनक करें।

# अम्बाह एसडीएम अरबिन्द माहौर ने आज मंगलवार को जनसुनवाई कर लोगों की सुनी समस्याएं।



**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...**मुरैना जिले के अम्बाह डिबीजन के एसडीएम अरबिन्द माहौर ने आज मंगलबार के दिन आमजन की समस्याये सुनी अम्बाह अनुभाग अंतर्गत लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसके लिए उनके द्वारा लगातार अधिकारियों की मीटिंग कर उनको हिदायत दी जा रही है।इसी के साथ प्रदेश सरकार द्वारा विगत बर्षो से प्रति मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है परंतु अम्बाह डिबीजन में विगत कुछ दिनों से जनसुनवाई समस्या निवारण केंद्र विधिवत् नहीं चल पा रही थी। अम्बाह के स्थाई नवागत एसडीएम के पदभार ग्रहण करते हि जनसुनवाई समस्याओ एसडीएम कार्यालय में आयोजन किया गया। जिसमें आज स्थानीय ग्रामीणों द्वारा एसडीएम कार्यालय मे एसडीएम के समक्ष आकर अपनी समस्याएं रखीं जिसमें विधिवत रूप से एसडीएम अरबिन्द माहौर द्वारा उनकी समस्याओं को सुना गया। और तत्काल आवेदन लेकर अपने अधीनस्थ संबंधित बिभाग अधिकारीयों को भेज कर उनकी समस्याओं को निराकरण करने के लिए आदेशित किया ।समस्या निवारण केंद्र में लगभग 15 आवेदन आए जिसमें बीपीएल व ज्यादातर प्रकरण जमीनी विवाद सीमांकन इत्यादि राजस्व मामले के आए परन्तु पटबारी हडताल पर होने से कुछ जमीनी राजस्व आवेदनो में बिलम्ब होसकता है साथ ही कुछ मामले स्थानीय स्वास्थ्य,स्वच्छता व शिक्षा को लेकर भी समस्याएं आये जिस पर एसडीएम ने अपने स्टैनो को आदेशित किया कि यदि कोई कर्मचारी लापरवाही करता है तो तत्काल मुझे सूचना दें और सात दिबस तक सभी की समस्याओ का निराकरण हो।किसी भी कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ हि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतो पर सभी अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।

# सरस्वती तालुका स्तरीय इनोवेशन फेस्टिवल अंबाजीपुरा प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया गया

**पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गुजरात।** जीसीईआरटी गांधीनगर द्वारा प्रेरित और जिला शिक्षा और प्रशिक्षण भवन पाटन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय नवाचार उत्सव जल्द ही आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत पाटन जिले के सभी तालुका में सिलेक्शन राउंड हुआ। बात करें सरस्वती तहसील की तो सरस्वती तालुका के अंबाजीपुरा प्राथमिक विद्यालय में सरस्वती तालुका के इन्नोवेटिव टीचर्स ने अपनी प्रस्तुति दी। लगभग 19 शिक्षकों ने अपनी प्रस्तुति दी, जिनमें से पांच चयनित



नवोन्वेषी शिक्षक जिला स्तर पर सरस्वती तालुका से भाग लेंगे जिनमें भिलवन प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक नीरव दवे, कांसा प्राथमिक विद्यालय के परमार जेठाभाई, भाटसन पे सेंटर स्कूल के शिक्षक नीलेश श्रीमाली शामिल हैं। माध्यमिक अनुभाग से कोटावद स्कूल के बेन श्री व चारूप माध्यमिक विद्यालय की ज्योतिबेन और पटेल रोशनीबेन बेन हे। सरस्वती बीआरसी दिलीपभाई नाई ने चयनित शिक्षकों को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों को अपना नवाचार जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# आत्म शुद्धि का महापर्व यानी पर्युषण महापर्व :मुनि राजपद्मसागरजी

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।**जे पी पी श्रमनी भवन में मुनि श्री राजपद्मसागरजी महाराज साहब ने श्रावक श्राविकाओं को पर्युसण पर्व के बारे में समझाते हुए कहा कि ऐसे तो पूरे साल के अंदर पूरे वर्ष में अनेक पर्व आते हैं, अनेक त्यौहार आते हैं लेकिन पर्युसण पर्व का बहुत बड़ा महत्व है, इस पर्युषण महापर्व के अंदर पहले ही दिन आचार्य श्री लक्ष्मीसुरीश्वरजी महाराज ने पहले दिन के प्रवचन में पर्युषण महापर्व में करने योग्य पांच कर्तव्य के विषय में बताया सबसे पहला कर्तव्य है अमारी प्रवर्तक यानी किसी भी जीव की हिंसा नहीं करना, किसी भी जीव को मारना नहीं, सभी जीवो को जीना अच्छा लगता है जिस प्रकार से हमको जीना अच्छा लगता है, उसी प्रकार से वह जीव के अंदर भी प्राण होते हैं जिस प्रकार हमारे शरीर में प्राण होते हैं वैसे ही उनके अंदर भी प्राण रहते हैं इसलिए अहिंसा का पालन करना जीवो की रक्षा करना जीव दया के पालन करना और घर के अंदर जीवदया का पालन करना अकबर के विषय के अंदर बात किया कि अकबर भी ऐसा जबरदस्त हिंसक व्यक्ति था लेकिन जगतगुरु श्री हीरविजय सुरीश्वर जी महाराज के परिचय में आने के बाद में उसने पूरे भारत भर के अंदर उसने अहिंसा का पालन करवाया और खुद



जैन धर्म का पालन करने लगा जैन अनुयाई बन गया और कुमारपाल महाराज उन्होंने भी अपने जीवन के अंदर ऐसे बहुत ही जीव दया का पालन किया उनके शासनकाल में 18 देश के मालिक होते हुए उनके वहां पर 11 लाख घोड़े थे 80000 गए थे और 1100 हाथी थे सभी को पानी छानकर पिलाते थे ऐसे जीव दया का पालन करते थे जीवदया का पालन करते थे, दूसरे नंबर के अंदर सा धार्मिक भक्ति कर्तव्य के विषय में बताया की में साधार्मिक यानी क्या साधार्मिक यानी सहधर्मी, जो मैं धर्म करता हूं वह वो भी धर्म करते हैं उसके भक्ति करना तीसरे नंबर के अंदर क्षमापना चौथे नंबर के अंदर अट्ठम तप और पांचवें नंबर के अंदर चित्य परिपाटी और मुनि श्री पद्मसागर जी ने भी बताया कि हमारे पास ऐसी तीन चीज है सबसे पहले तीर्थाधिराज दूसरे नंबर में मंत्राधीराज और तीसरे नंबर के अंदर पर्वाधिराज पर्युषण पर्व है, तीर्थ के पास में जाना पड़ता है आत्मा को पवित्र बनाने के लिए आत्मा को शुद्ध करने के लिए तीर्थ के पास में जाना पड़ता है लेकिन जो पर्व रहते हैं वह अपने समय पर अपने टाइम पर आते हैं उसको बुलाने की जरूरत नहीं पड़ती वह हमेशा अपने समय पर दस्तक दही देते हैं, वैसे ही आज पर्युसण महापर्व का पहला दिन है और पहले दिन के अंदर पांच प्रकार के जो कर्तव्य है उसका पालन करना है। अपनी आत्मा को पवित्र और शुद्ध बनाना है जो आत्मा के अंदर अनादि अनंत काल से आवरण लगा हुआ है। पापों का आवरण कर्मों का आवरण हैं ,उसको दूर करने के लिए अनेक प्रकार की आराधना करके प्रतिक्रमण आदि करके परमात्मा कि पूजा विगेरे करके उसे आत्मा में लगे हुए जो डार्कनेस है।उसको दूर करना है आज से परेशान महापर्व प्रारंभ हो गया है।

# पुलिस व प्रशासन की दम पर चुनाव जीतना चाहती है भाजपा : डॉ. गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा है कि जन आक्रोश को पुलिस व प्रशासन की दम पर दबा कर भाजपा प्रदेश में फिर से सरकार बनाने पर आमादा है।ठेके पर आए पुलिस के अधिकारी पूरी तरह भाजपा के कार्यकर्ता बन कर काम कर रहे हैं।नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जमीन पूरी तरह खिसक चुकी है।जनता त्राहि त्राहि कर रही है। झूठी घोषणाएं ओर चुनावी लाभ के लिये बनाई गई लाडली बहना को पैसा बांटने के पीछे यही एक उद्देश्य है कि कैसे भी चुनाव जीता जाये। इसी आधार पर कुछ अधिकारियों की जिलों में पोस्टिंग की गई है ताकि वे भाजपा के हिसाब से थाना प्रभारियों की पोस्टिंग करें और भाजपा प्रत्याशियों को जिताने में मदद करें। डॉ. सिंह ने कहा कि अधिकारियों को भी पता है कि जनता भाजपा को हराने का मन बना चुकी है और जो अधिकारी हवा के विपरीत चलेंगे उन्हें इसका खामियाजा उठाना पेगा। डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि भाजपा के र्भ्ष्टाचार और महंगाई से जनता बुरी तरह त्रस्त है और पूरे प्रदेश में कॉग्रेस की सरकार बनाने व भाजपा को हराने की लहर चल रही है। अधिकारी भी जनता के रुख को समझ कर ईमानदारी से काम करें,जो अधिकारी सुपारी लेकर आये हैं वे यह समझ लें कि सरकार कॉग्रेस की बनने जा रही



है इसलिये निष्पक्ष कार्य करें।डॉ सिंह ने कहा कि भाजपा चाहे जन आशीर्वाद यात्रा निकाले या जनता को भ्रमित कर झूठी घोषणाएं करे ,लेकिन प्रदेश की जनता भाजपा का तख्ता पलट करने को तैयार बैठी है।सरकार के भ्रष्टाचार से आम आदमी के साथ साथ भाजपा के पुराने व निष्ठावान कार्यकर्ता तक नाराज बैठे हैं। डॉ. सिंह ने प्रदेश के ऐसे अधिकारियों को चेतावनी दी है (जो भाजपा का ढोल बजा रहे हैं) कि वे समय व हवा का रुख देख कर काम करें। यदि भाजपा का ही काम करना है,तो इस्तीफा देकर चुनाव मैदान में आ जायें या तो वे सर्विस करें या भाजपा के नेता बन जाएं। हँसना और गाल फुलाना एक साथ नहीं हो सकता।

# दिल्ली शिखर सम्मेलन से हासिल क्या?

**जी-20:** बड़ी उपलब्धि यह भी है G-20 के सदस्य राष्ट्रों में अब अफ्रीकी यूनियन भी शामिल हो गया है।

सर्वानुमति से स्वीकार किये गए दिल्ली डिक्लेरेशन के लिए भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर और शेरपा अमिताभ कांत को निश्चितरूप से पूर्ण श्रेय मिलना चाहिए कि उन्होंने घोषणापत्र की शब्दावली को इतना नरम बना दिया कि उस पर रूस और चीन को भी आपत्ति करने का अवसर नहीं मिला और अमेरिका सहित रूस विरोधी यूरोपीय लॉबी की बात भी घोषणापत्र में शामिल हो गयी।

प्रवीण मल्होत्रा

भारत की मेजबानी में नईदिल्ली में आयोजित G-20 समिट (9-10 सितंबर 2023) की चार बड़ी उपलब्धियां रही हैं :

1. यूक्रेन युद्ध के संबंध में रूस का नाम लिये बिना उसके शांतिपूर्ण हल के लिए आम सहमति बनना तथा यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयास को घोषणापत्र में, जिसमें रूस और चीन भी शामिल हैं, पारित कर शामिल किया जाना। सर्वानुमति से स्वीकार किये गए दिल्ली घोषणापत्र में क्षेत्रीय अखंडता और सम्प्रभुता सहित अंतरराष्ट्रीय कानूनों को बनाये रखने का आह्वान किया गया और यूक्रेन में शांति का माहौल कायम करने की वकालत की गई। "दिल्ली लीडर्स समिट डिक्लेरेशन" में स्पष्ट रूप से कहा गया कि आज का युग युद्ध का नहीं है तथा परमाणु युद्ध की धमकी देना अस्वीकार्य है।

सर्वानुमति से स्वीकार किये गए दिल्ली डिक्लेरेशन के लिए भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर और शेरपा अमिताभ कांत को निश्चितरूप से पूर्ण श्रेय मिलना चाहिए कि उन्होंने घोषणापत्र की शब्दावली को इतना नरम बना दिया कि उस पर रूस और चीन को भी आपत्ति करने का अवसर नहीं मिला और अमेरिका सहित रूस विरोधी यूरोपीय लॉबी की बात भी घोषणापत्र में शामिल हो गयी। यूरोपीय लॉबी को इस मुद्दे पर बाली (इंडोनेशिया) समिट की दृष्टि से एक कदम पीछे हटना पड़ा है। बाली में यूरोपीय लॉबी यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को आक्रमणकारी घोषित कर उसकी निंदा करना चाहती थी। जिसे रूस और चीन किसी भी हालत में स्वीकार करने को तैयार नहीं थे। इस कारण बाली में साझा घोषणापत्र पारित नहीं हो पाया था।

2. सम्मेलन की दूसरी बड़ी उपलब्धि यह है कि भारत से मध्य पूर्व होकर यूरोप तक एक आर्थिक गलियारे के निर्माण पर सहमति बनी है। इस इकोनॉमिक कॉरिडोर को चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का विकल्प बताया जा रहा है। लेकिन इस कॉरिडोर के निर्माण पर कितना खर्च आएगा और उसे कौन कौन से राष्ट्र वहन करेंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

3. समिट की तीसरी बड़ी उपलब्धि यह है G-20 के सदस्य राष्ट्रों में अब अफ्रीकी यूनियन को भी शामिल कर लिया गया है। यूरोपियन यूनियन के बाद यह दूसरा संगठन है जिसे G-20 में शामिल किया गया है। अफ्रीकी यूनियन के सदस्य राष्ट्रों की संख्या 55 है। अफ्रीकी यूनियन के शामिल होने के बाद अब इस ग्रुप का नाम G-21 हो जाएगा। यानी अगले समिट में, जो कि ब्राज़ील में होना है, अफ्रीकी यूनियन भी सदस्य के रूप में भागीदारी करेगा।

4. इस सम्मेलन की चौथी और अंतिम बड़ी उपलब्धि भारत और अमेरिका के बीच कई सैन्य और तकनीकी सहयोग के समझौतों पर सहमति बनना है। यद्यपि यह प्रक्रिया पहले से ही चल रही थी लेकिन G-20 समिट के दौरान इसे अंतिम रूप दिया गया है।

### लेकिन इस समिट के कुछ नकारात्मक पक्ष भी हैं

1-G-20 एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन था तथा इसमें लगभग 29 (आमंत्रित राष्ट्रों समेत) राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्षों ने हिस्सा लिया। लेकिन पूरे राजधानी क्षेत्र में और सम्मेलन स्थल पर सिर्फ मेजबान देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के ही पोस्टर और बैनर लगाए गए। पूरी दिल्ली को एक प्रकार से मोदी जी के पोस्टरों और होर्डिंग्स से पाट दिया गया। जबकि मेहमान राष्ट्राध्यक्षों/प्रधानमंत्रियों के पोस्टर भी लगाए जाना चाहिए थे। हमारी 'अतिथि देवो भव' की सनातन परंपरा रही है। इस परंपरा का पालन नहीं करने से गलत संदेश गया है। विशेषकर विदेशी मीडिया ने इसपर काफी टीका-टिप्पणी की है।

2- अमेरिका के प्रेसिडेंट जो बाइडेन अपने ग्रुप के साथ आए पत्रकारों के सवालों के जवाब देना चाहते थे। लेकिन भारत सरकार ने इस पत्रकार वार्ता के लिए सहमति नहीं दी। राष्ट्रपति की प्रेस सेक्रेटरी ने इसके लिए बहुत प्रयास किये। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने अपने भारतीय समकक्ष अजित डोभाल से तथा शेरपा अमिताभ कांत से भी चर्चा कर अनुरोध किया। लेकिन उनके अनुरोध को भी स्वीकार नहीं किया गया। अंत में निराश होकर राष्ट्रपति की प्रेस सेक्रेटरी को यह कहना पड़ा कि अब प्रेस वार्ता वियतनाम की राजधानी हनोई में होगी वही हमारे लिए सुविधाजनक होगी। इस पूरे घटनाक्रम से अंतराष्ट्रीय मीडिया में बहुत नकारात्मक संदेश गया और भारत में प्रेस की स्वतंत्रता की शोचनीय स्थिति एक बार पुनः उजागर हो गयी।

3- रही-सही कसर 9 सितंबर की रात को दिल्ली में हुई बारिश ने पूरी कर दी। करोड़ों रुपये खर्च कर सम्मेलन के लिए विशेषरूप से बनाये गए 'भारत मंडपम' में बारिश का पानी घुस गया और इससे तथाकथित विकास की पोल खुल गयी।

*(साभार- समता मार्ग)*

# मृदंगाचार्य पं. नाना साहब पानसे स्मृति गुरु पूर्णिमा विशेष संगीत समारोह

पुष्पांजली टुडे




**दमोह।** आजादी का अमृत महोत्सव तथा अमृत काल कें प्रथम वर्ष में आयोजित विशेष गुरु पूर्णिमा संगीत समारोह के द्वितीय दिवस में रात्रिकालीन सभा का शुभारंभ विश्वनाथ राव इंगलिश मीडियम, स्कूल बकायन की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वति वंदना से हुआ तथा बकायन संगीत अखाड़े के शिष्यो द्वारा प्रस्तुत पुरातन बंदिश गायन से हुआ। आमंत्रित कलाकारों में प्रथम प्रस्तुति श्री गुरुदत्त कृष्णमूर्ती ने गायन प्रस्तुत करते हुए अपने पूज्य गुरु विख्यात गायक पं. अजय चक्रवर्ती का स्मरण कराया। दमदार तान आलाप युक्त सायंकालीन राग पूरिया कल्याण में आपने संध्या की छटा को गहनता प्रदान की। तबले पर जोरदार संगति दीपक महंत तथा हारमोनियम पर पं. जितेंद्र शर्मा ने संगति की। द्वितीय प्रस्तुति पूना से पधारी रुजुता सोमण ने अत्यंत मनमोहक कथक नृत्य द्वारा दर्शकों को तृप्त कर दिया। गणेशवंदना धमारताल, पूतना वध, अन्योक्ति सुभाषित तथा कजरी, तराना ने कथक में विविध रंग भरे। आपके साथ अबोली अभ्यंकर, तुलसी कुलकर्णी ने नृत्य में तथा मनोज देसाई ने गायन तथा हारमोनियम एवं चारूदत फडके द्वारा तबलावादन, पड़ंत की गयी जयदीप वैद्य द्वारा। तृतीय प्रस्तुति में देश के सर्वाधिक लोकप्रिय युवा तबला वादक यशवंत वैष्णव -मुंबई , के अत्यंत शानदार तबला सोलो वादन से मानो पूरा खचाखच भरा श्रोता समूह डोलने लगा। आपकी अनुपम प्रस्तुति नेसभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। हारमोनियम पर लहरा दे रहे थे युवा कलाकार अभिनय रवांदे 7 चतुर्थ प्रस्तुति हेतु पूना से पधारी विदुषी आरती अंकलीकर जो विश्व विख्यात गायिका है, द्वारा रूपक ताल मे राग बागेश्री की अवतारणा कर श्रोताओं को स्वरलीन कर दिया। क्लिष्ट ताल पंचमसवारी मे बद्ध ÷ जाओ सैंया जाओ, अब न छेड़ो÷ तथाविभिन्न तालों में बद्ध तराना गाकर आपने गायन का मानो शिखर ही रच दिया । गायन का समापन दादरा आओ सब सखियन, झूलन बनाओ से किया। तबले पर साथ दी यशवंत वैष्णव ने। समारोह का समापन मुंबई से पधारी पंडिता उमा डोगरा की प्रतिरूप सरिता की प्रस्तुति से हुआ । संगति तबले पर सत्यप्रकाश, हारमोनियम पर मनोज देसाई तथा सितारपर अलका गुजर ने की।यह समारोह सभी दृष्टी से ÷विशेष ÷ रहा चाहे श्रेष्ठ कलाकारों की अत्यंत प्रभावी प्रस्तुति हो,बकायन के युवा कार्यकर्ता द्वारा अथक परिश्रम हो,पंडाल,सजावट,तथा स्वादिष्ट भोजन,सदैव याद किया जावेगा ।समस्त संगीत प्रेमी ग्रामीण श्रोतावर्ग,आमंत्रित अतिथि तथा ÷आजादी के अमृत महोत्सव ÷के अंतर्गत,संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किये गये अमूल्य सहयोग हेतु विनम्र धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन किया गया।

# समाचार विश्लेषण : यूरोपः भेड़ियों का खात्मा क्यों चाहते हैं किसान

एक वक्त ऐसा भी था जब यूरोप में काफी संख्या में भेड़िये थे, लेकिन बड़े स्तर पर उनके सफाये के लिए बनी नीतियों की वजह से भेड़ियों की आबादी काफी ज्यादा कम हो गई थी। लगभग 100 साल बाद आज भेड़ियों की फिर बहुतायत हो गई है।

बचपन से ही बच्चे यह कहानी सुनते हुए बड़े होते हैं कि भेड़िये कितने खतरनाक हैं। वे जंगलों में घूमते हैं और छोटे सूअरों को खाने के लिए घरों को नष्ट कर देते हैं। हमें बचपन में पता चल जाता है कि भेड़िये अंधेरे में खतरनाक होते हैं। उन्हें क्रूर माना जाता है। हम दंतकथाओं या अपने अनुभव, दोनों वजहों से भेड़िये से डरना सीखते हैं। इस डर की वजह से ही 18वीं सदी में भेड़िये विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गए थे।

एक वक्त ऐसा भी था जब यूरोप में काफी संख्या में भेड़िये थे, लेकिन बड़े स्तर पर उनके सफाये के लिए बनी नीतियों की वजह से भेड़ियों की आबादी काफी ज्यादा कम हो गई थी। लगभग 100 साल बाद भेड़ियों की आबादी फिर से बढ़ी। आज करीब 17,000 भेड़िये यूरोप में हैं।

विज्ञान के मुताबिक भेड़िये पारिस्थितिक तंत्र के लिए अच्छे हैं। अमेरिका और कनाडा में किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि जब भेड़ियों को उनके प्राकृतिक निवास स्थान पर दोबारा लाया जाता है, तो पारिस्थितिकीय तंत्र पर बेहतर असर पड़ता है।हालांकि, हर कोई फिर से यूरोप में भेड़ियों की वापसी से खुश नहीं है। कुछ रिपोर्टों से पता चलता है कि भेड़िये तेजी से इंसानी सभ्यता पर अतिक्रमण कर रहे हैं। वे मवेशियों के साथ-साथ इंसानों पर भी हमला कर रहे हैं।

जर्मनी के लोअर सैक्सनी के किसानों ने भेड़ियों के ऐसे हमलों का सबसे बुरा अनुभव किया है। जनवरी और अगस्त 2023 के बीच भेड़ियों ने वहां 600 से ज्यादा जानवरों को मार डाला। हमलों के कारण किसानों को मामले अपने हाथों में लेने पड़े हैं और वे अक्सर अवैध रूप से भेड़ियों को मार देते हैं।

भेड़ियों की वजह से बढ़ते तनाव के कारण यूरोपीय संघ को हस्तक्षेप करना पड़ा है। हस्तक्षेप करने वालों में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेय लायन भी शामिल हैं। उर्सुला फॉन डेय लायन 2022 से भेड़ियों को लेकर चर्चा के केंद्र में हैं, क्योंकि उस समय एक भेड़िये ने उनकी टट्टू 'डॉली' को मार दिया था। इसके बाद, फॉन डेय ने उस भेड़िये को मारने का आदेश दिया जिसकी पहचान जीडब्ल्यू950एम के तौर पर की गई थी। हालांकि, वह भेड़िया शिकारियों से बचने में कामयाब रहा। माना जाता है कि इस नस्ल के भेड़िये की आबादी काफी ज्यादा है।

4 सितंबर, 2023 को अपने बयान में फॉन डेय ने कहा, ₹कुछ यूरोपीय देशों में भेड़ियों के झुंड काफी बढ़ गए हैं। यह मवेशियों के साथ-साथ इंसानों के लिए भी वास्तविक खतरा बन गया है।

2020-21 में भारत में 77 लाख डिलीवरी पर्सन थे। आने वाले अगले दस सालों यानी 2029-30 तक इनकी संख्या बढ़कर दो करोड़ 35 लाख होने का अनुमान है।एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि खाना पहुंचाने वाले कर्मचारी अपना दोपहिया वाहन चलाते समय जिस हवा में सांस लेते हैं, वह पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (वीओसी) जैसे बेंजीन और कैंसर की वजह बनने वाली चीजों से भरी होती हैं।

# जहरीली हवा में काम करते होम डिलीवरी के बाइक चालक

वंदना के

गाजियाबाद में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि दोपहिया वाहनों पर सवार होकर खाना पहुंचाने वाले राइडर बहुत ज्यादा प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं।

गाजियाबाद में डिलीवरी करने वाले ये लोग, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से तय मानकों की तुलना में बहुत ज्यादा स्तर पर पार्टिकुलेट मेटर और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों के संपर्क में आते हैं।

अध्ययन में यह भी पाया गया कि सर्वेक्षण में शामिल लगभग 67% श्रमिकों को उनकी सेहत पर प्रदूषण के प्रतिकूल असर के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

जानकार कंपनियों द्वारा बेहतर नीतियों, सुरक्षात्मक उपकरणों के प्रावधान और नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य बीमा जैसी कामकाजी परिस्थितियों को बेहतर बनाने पर जोर दे रहे हैं।

अट्ठाइस साल के रोहित विश्वास की कोविड-19 महामारी के दौरान मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की नौकरी चली गई। इसके बाद उन्होंने 2021 में एक किराना डिलीवरी ऐप के लिए डिलीवरी करने का काम शुरू किया। वह हर दिन आठ से दस घंटे सड़क पर बिताते थे। हालांकि अब वह बाइक टैक्सी ऐप के लिए काम करते हैं, लेकिन उनका काम अभी भी मुश्किल है। वे हर दिन ट्रैफिक जाम में इंतजार करते हुए, दक्षिणी दिल्ली में ग्राहकों को पहुंचाने में दो घंटे बिताते हैं। उन्होंने मोंगाबे-इंडिया को बताया जब मैं बहुत ज्यादा मेहनत करता हूं, तो मुझे सिर में दर्द होने लगता है।

विश्वास की तरह 2020-21 में भारत में 77 लाख डिलीवरी पर्सन थे। आने वाले अगले दस सालों यानी 2029-30 तक इनकी संख्या बढ़कर दो करोड़ 35 लाख होने का अनुमान है।

एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि खाना पहुंचाने वाले कर्मचारी अपना दोपहिया वाहन चलाते समय जिस हवा में सांस लेते हैं, वह पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (वीओसी) जैसे बेंजीन और कैंसर की वजह बनने वाली चीजों से भरी होती हैं। सेंटर फ़ॉर पॉलिसी रिसर्च के वरिष्ठ रिसर्च सहयोगी और अध्ययन के प्रमुख लेखक अबिनया सेकर ने कहा, "सबसे चिंताजनक हिस्सा पार्टिकुलेट मैटर के स्तर के प्रति उनका जोखिम और इसके बारे में जानकारी नहीं होना है।" उन्होंने इस अध्ययन को कालीकट स्थित केरल में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में अपनी पीएचडी थीसिस के रूप में किया। इस सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले 67 फीसदी लोगों को गैसीय प्रदूषकों के संपर्क में आने के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

### स्वास्थ्य से जुड़ा जोखिम चिंताजनक

उनका यह अध्यनय एटमॉस्फेरिक पॉल्यूशन रिसर्च पत्रिका में छपा है। अध्ययन दिसंबर 2020 में गाजियाबाद में डिलीवरी करने वाले 30 लोगों के सैंपल पर आधारित है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में यह महीना वायु प्रदूषण के लिहाज से चरम महीनों में से एक होता है। इसी इलाके में गाजियाबाद भी है। स्विस वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी आईक्यूएयर (IQAir) की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, गाजियाबाद 2021 में दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर था। साल 2022 में यह उसी सूची में 11वेंस्थान पर था।

अध्ययन में पाया गया कि डिलीवरी कर्मचारी अपने वाहन चलाते समय क्रमशः 516, 180 और 113 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हवा में पीएम 10, पीएम 2.5 और पीएम 1 कणों के संपर्क में आए। यह अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय संगठनों द्वारा तय मानकों से बहुत ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के वायु गुणवत्ता दिशा-निर्देश 2021 मानक PM10 के लिए 45 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हवा और PM2.5 के लिए 15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हवा तय हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (NAAQS) PM10 के लिए 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हवा और PM2.5 के लिए 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हवा या उससे कम का सुझाव देते हैं।



अध्ययन में 54 वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की सांद्रता का विश्लेषण किया गया। इनमें टॉलीन सबसे ज्यादा (89 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हवा, 51 के मानक विचलन के साथ) था, उसके बाद बेंजीन (19 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हवा में 11 के मानक विचलन के साथ) था। ये सब तय सीमा से ज्यादा थे। NAAQS की ओर से सुझाए गए (5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर वायु)। सेकर ने मोंगाबे-इंडिया को बताया, "इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) वर्गीकरण के अनुसार बेंजीन एक ज्ञात कैंसर बीमारी वाला यौगिक है। बेंजीन को NAAQS में भी सूचीबद्ध किया गया है। हालांकि, इसकी नियमित रूप से निगरानी नहीं की जाती है।"

सेकर ने राइडर के बीच एक प्रश्नावली सर्वेक्षण किया और वास्तविक समय पर सड़क नमूने का उपयोग करके सांस के स्तर पर प्रदूषकों के प्रति उनके जोखिम को मापा। मूल्यांकन में मल्टीपल-पाथ पार्टिकल डोसिमेट्री मॉडल (एमपीपीडीएम) का इस्तेमाल किया गया, जो एक कम्प्यूटेशनल मॉडल है। यह सांस के रास्ते में वायुजनित कणों के जमा होने की गणना करता है। एमपीपीडीएम नतीजों से पता चला कि सांस के रास्ते में पीएम10 का जमाव, क्रमशः पीएम2.5 और पीएम1 से 2.5 और 3.7 गुना ज्यादा था। अध्ययन में यह भी पाया गया कि रात में प्रदूषण का जोखिम सबसे ज्यादा होता है। इसके बाद सुबह और दोपहर का समय आता है। एक संवेदनशीलता विश्लेषण से पता चला कि चौराहों पर प्रदूषकों की सांद्रता डिलीवरी कर्मियों के स्वास्थ्य जोखिम पर असर डालने वाला एक प्रमुख पैरामीटर था।

अध्ययन में हिस्सा लेने वाले 30 लोगों में से 70% ने कहा कि उन्हें किसी भी स्वास्थ्य असर का अनुभव नहीं हुआ है। महज 10% ने फेफड़े से जुड़े रोगों और आंखों में जलन की जानकारी दी।

### स्वास्थ्य और सामाजिक प्रभाव

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरूपति में सिविल और पर्यावरण इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर सुरेश जैन ने कहा कि यह एक शुरुआती अध्ययन है क्योंकि इसके घटक सर्वेक्षण पर आधारित हैं। 2022 में, जैन ने दिल्ली में ऑटो रिक्शा चालकों, विक्रेताओं, यातायात पुलिस कर्मियों और सफाईकर्मियों जैसे बाहरी श्रमिकों पर वायु प्रदूषण और चरम मौसमी घटनाओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर का मूल्यांकन किया था। उन्होंने कहा, "वायु प्रदूषण के बहुत ज्यादा बढ़े हुए स्तर के संपर्क में आने वाले लोगों में हम कई लक्षण देखते हैं। ये लक्षण हैं सांस की तकलीफ, मतली, खांसी, गले में संक्रमण, चक्कर आना और आंखों में जलन।" उनके अध्ययन से यह भी पता चला कि दिल्ली में बाहर काम करने वालों में फेफड़ों के काम करने की क्षमता सीमित थी।

हालांकि उनका मानना है कि डिलीवरी पर्सन पर अध्ययन "निश्चित रूप से अहम है।" उन्होंने डिलीवरी पर्सन का एक लंबा अध्ययन करने की जरूरत पर भी जोर दिया, जो ज्यादा सटीक डेटा प्राप्त करने के लिए उनकी सामाजिक-आर्थिक प्रोफ़ाइल को ध्यान में रखता है।

"भारत में डिलीवरी पर्सन (गिग वर्कर्स) आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। अगर आपके पास भोजन के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है, तो आप वायु प्रदूषण के बारे में कैसे सोच सकते हैं?" ऑल इंडिया गिग वर्कर्स यूनियन के बेंगलुरु चैप्टर के समन्वयक सुमन दास महापात्रा ने कहा, यह 3,000 सदस्यीय मजबूत संस्था है जो तीन साल से प्रमुख शहरों में काम कर रही है।

महापात्रा का सुझाव है कि सरकार कानून और एक नीति बनाए जो डिलीवरी का काम करने वालों को परिभाषित करे। इनमें ऐसे श्रमिकों को मिलने वाले लाभ, श्रमिकों के प्रति कंपनियों की जिम्मेदारियां, उनका अनुपालन और मुआवजे के नियम शामिल हों। दास ने मोंगाबे-इंडिया को बताया, अगर डिलीवरी का काम जोखिम भरा काम है, तो सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। विश्वास का मानना है कि मौजूदा व्यवस्था ऐसी है कि राइडर अपने स्वास्थ्य के लिए खुद जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे कंपनियां बड़ी होती जाती हैं, वे राइडर के प्रति अपनी जिम्मेदारी से हाथ खींच लेती हैं क्योंकि राइडर की कोई कमी नहीं है।

सेकर ने कहा, यह एक जोखिम मूल्यांकन अध्ययन है जहां हमारे पास महामारी विज्ञान डेटा नहीं है और स्वास्थ्य से जुड़ी कोई निगरानी नहीं है। भविष्य के शोध में इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए कि इस जोखिम को कम करने के लिए किस तरह की सावधानियां बरती जा सकती हैं।

विश्वास ने कहा, "ज्यादा से ज्यादा जो मैं कर सकता हूं वह है कि अपने चेहरे को रुमाल से लपेट लूं या मास्क पहन लूं। लेकिन मुझे अभी भी काम करना है।"**अनुवाद – विशाल कुमार जैन, साभारMongabay)**

**खेल एवं विद्यार्थी जीवन में अनुशासन आवश्यक - सचिन यादव**

# जला खेल एवं युवा कल्याण विभाग खरगोन के तत्वावधान में आयोजित,कसरावद ब्लॉक के खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2023 का विधायक सचिन यादव ने किया शुभारंभ





**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे** बोरावां/ खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2022 की तर्ज पर म.प्र. के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के पालन में खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2023 का आयोजन 12 से 17 सितम्बर तक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंगलवार 12 सितम्बर को जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग खरगोन के तत्वावधान में कसरावद ब्लॉक के प्रतिभावान खिलायिों के लिए जे.आय.टी. परिसर में खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2023 का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ पूर्व कृषि मंत्री रहे कसरावद विधायक सचिन यादव ने किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथी विधायक सचिन यादव, श्रीमती पवि दुबे जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग खरगोन, डॉ. सुनील सुगंधी डीन जे.आय.टी. प्रो. कपिल शाह ब्लॉक समन्वयक, भानुप्रताप दसौंधी ब्लॉक समन्वयक भगवानपुरा, दयाराम राजपूत, क्री अधिकारी शासकीय महाविद्यालय कसरावद, कैलाश दरबार, लक्ष्मण पटेल जनपद उपाध्यक्ष, पंकज बर्डे ब्लॉक समन्वयक कसरावद एवं सभी कोच उपस्थित थे ।खेल एवं विद्यार्थी जीवन में अनुशासन आवश्यक - सचिन यादव खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 के शुभारंभ अवसर पर मप्र सरकार में पूर्व कृषि मंत्री रहे कसरावद विधायक सचिन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल एवं विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है । अनुशासन से ही विद्यार्थी का व्यक्तित्व निर्माण होता है । हमारे प्रदेश सहित कसरावद क्षेत्र में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है । बस आवश्यकता है उन्हें उचित मंच प्रदान करने की । हमारे क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाी भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं । यह आयोजन निश्चित रूप से हमारे प्रतिभावान खिलायिों के लिए भविष्य के मार्ग प्रशस्त करेगा ब्लॉक समन्यवयक पंकज बर्डे ने जानकारी देते हुए बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर 18 खेलों को सम्मिलित किया गया है जिसमें एथेलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मलखम्ब, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस, योगासन, व्हालीबॉल, टेनिस एवं शतरंज है । प्रतियोगिता में 18 वर्ष से कम आयुवर्ग के बालक एवं बालिकाएँ हिस्सा ले रहे हैं । उल्लेखनीय है कि राज्य स्तर पर दलीय एवं व्यक्तिगत खेल के विजेता खिलायिों को पृथक पृथक प्रथम पुरस्कार राशि रू 31000/- द्वितीय पुरस्कार रू 21000/- तृतीय पुरस्कार 11000/- एवं चतुर्थ पुरस्कार रू 11000/- से पुरस्कृत किया जावेगा ।जिला खेल अधिकारी श्रीमती पवि दुबे ने खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 के अंतर्गत आयोजित होने वाले खेलों की जानकारी दी एवं खिलाडियों को दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया । प्रो. कपिल शाह एवं स्वपनिल वरडे ने सभी आमंत्रित अतिथयों का स्वागत किया । संस्था के डीन डॉ. सुनील सुगंधी ने जानकारी देते हुए बताया कि जे.आय.टी. में 2009 से अनवरत नोडल एवं राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है । जिनमें हमारे प्रतिभावान खिलाी संस्था को गौरवान्वित कर रहे है । संस्थान के प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी । कार्यक्रम का संचालन प्रो. नितिन नामदेव ने किया ।

खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2023 के अंतर्गत आज मंगलवार को कसरावद ब्लॉक की विभिन्न स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया । ब्लॉक की टीम का गठन पंकज बर्डे एवं भानुप्रताप सिंह दसौंधी के मार्गदर्शन में किया जावेगा

**मीडिया प्रभारी**
**जे.आय.टी. बोरावां**
9826133004

# मोहना शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर मे सभी छात्र - छात्राओं के साथ मिलकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया



स्वास्थ विभाग एवं शिक्षा विभाग के साथ ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन की टीम द्वारा मोहना शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर की सभी छात्र - छात्राओं के साथ मिलकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया। बच्चों को बताया कि कृमि से छुटकारा , सेहतमंद भविष्य हमारा, कृमि संक्रमण से बच्चों और किशोर - किशोरियों में , कुपोषण और खून की कमी होती हैं जिसके कारण हमेशा थकावट रहती हैं संपूण संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा आ सकती है लेकिन कृमि संक्रमण की रोकथाम आसान है विद्यालय परिसर में अध्ययन कर रहे सभी बालिकाओं को कृमीनाशक अल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई । और सभी बालिकाओं को कहा गया कि आप सभी अल्बेंडाजोल का सेवन अनिवार्य रूप से करे। इसके साथ ही दूसरे बच्चो को भी यह दवाई लेने के लिए प्रेरित करे। और पोषित आहार का सेवन करे।कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी देते हुए ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन से जितेन्द्र पाटीदार ने कहा की पोषण माह की थीम महिला और स्वास्थ्य व बच्चो और शिक्षा रखी गई है कार्यक्रम मे सभी को पोषण के बारे मे जानकारी दी गई एवं पोषण को लेकर देनिक दिनचर्या क्या होनी चाहिए इसके बारे मे भी विस्तार से समझाया गया साथ ही पोषण वाटिका के लगाये जाने के बारे में बताया गया एवं पोषण की घंटी कुपोषण से छुट्टी को लेकर सभी को जागरूक किया गया। साथ ही जागरूक करते हुये बताया कि किशोरी बालक बालिकाये किस प्रकार से सुरक्षित रह सकती है। बालिकायो को क्या-क्या आहार एवं सावधानिया बरतनी चाहिए, ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन की टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और सभी को बीमारियो से सम्बन्धित दवाइयाँ दी गई। पोषण माह के अंतर्गत छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गयाइस कार्यक्रम मे शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य हेमन्त मेहुरिया, शिक्षक कुमारी सपना यादव, सरमन लाल जाटव, श्रीमती मेहरून निशा, श्रीमती निर्मला वर्मा स्वास्थ विभाग से हरू सुनीता शाक्य, ब्रिटानिया फैक्टरी से ।क्र नीरज पाठक ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन टीम से जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र पाटीदार, फील्ड कोडिनेटर अनिल मिश्रा, शिवम शर्मा, पूरन सिंह राजपूत, ललिता प्रजापति, हर्षिता पाठक, अंकिता शर्मा, पूजा चौरसिया और मीडिया प्रभारी रहीश खान आदि उपस्थित थे

**प्रभू दयाल की बिजली की समस्या का हुआ निदान**

# सीएम हाउस से प्राप्त 39 शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

सतना मुख्यमंत्री निवास कार्यालय भोपाल में सतना जिले के मैहर अनुविभाग के ग्राम डेल्हा निवासी प्रभू दयाल द्वारा की गई बिजली कटौती की शिकायत में त्वरित कार्यवाही करते हुए समस्या का निराकरण कर दिया गया है। प्रभू दयाल अपनी बिजली की समस्या का तत्काल समाधान हो जाने पर संतुष्ट और जिला प्रशासन की कार्यवाही पर बेहद प्रसन्न है।अपर कलेक्टर ऋषि पवार ने बताया कि सीएम हाउस भोपाल में जिले के व्यक्तियों द्वारा दर्ज कराई गई समस्याओं के जिले में प्राप्त होने पर कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशानुसार उसी दिन संबंधित क्षेत्र के एसडीएम के माध्यम से अधिकारियों का दल भेजकर मामले की जांच कराई जाती है और शिकायत या समस्या पाये जाने पर तत्काल निराकरण भी कराया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले के अन्तर्गत इस प्रकार की 39 शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिनका तत्काल दल भेजकर त्वरित निराकरण कराया जा चुका है। सभी शिकायतकर्ता अपनी-अपनी शिकायतों के त्वरित निराकरण से खुश और पूर्णतया संतुष्ट है। इनमें एक शिकायत मैहर अनुविभाग के डेल्हा निवासी प्रभू दयाल द्वारा की गई थी। जिसमें उन्होंने घरेलू बिजली की कटौती विगत सात दिनों से अधिक करने की शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर जांच के दौरान पाया गया कि ग्राम डेल्हा के ट्रांसफार्मर का केबिल निकल जाने से सप्लाई बाधित हुई है। जिसका विद्युत विभाग के अमले ने आवश्यक सुधार कराकर विद्युत सप्लाई तुरंत चालू कराई गई है। अब डेल्हा निवासी प्रभू दयाल अपनी शिकायत के निराकरण से बेहद संतुष्ट हैं।

**दीवान श्री हरिदासजी स्मारक महेश्वर की वार्षिक आम सभा बैठक सम्पन्न हुई**

# कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर आगामी कायों की रूपरेखा तय की गई.

**पुष्पाजंली टुडे**

**मध्यप्रदेश।** महेश्वर में माँ नर्मदा के किनारे नरसिंह टेकरी स्थित श्री हरिदासजी स्मारक स्थल पर सिर्वी समाज जनों की बैठक माँ श्री आईजी एवं माँ नर्मदा आरती के साथ प्रारम्भ हुई। इसमें सर्वप्रथम ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्षमण काग द्वारा विगत अवधि का आय-व्यय का हिसाब प्रस्तुत किया गया। जनजागरण हेतु से हरिदासजी के व्यक्तित्व पर आधारित ग्रन्थ भादवी बीज से प्रत्येक ग्राम तक पहुंचाया जाएगा. इस ग्रन्थ के माध्यम से प्राप्त सम्पूर्ण राशि स्मारक के पास निर्मित हो रहे श्री आईमाता मंदिर निर्माण के लगाई जायेगी. समस्त समाजजनों ने इस निर्माणाधीन मंदिर का अवलोकन भी किया। विगत वर्ष की तरह 2023 में भी श्रद्धा निधि समर्पण अभियान÷ चलाया जाएगा जिसमें सिर्वी समाज के प्रत्येक परिवार से 365/- रु की राशि इस प्रकल्प में समर्पित की जायेगी. इसके अतिरिक्त ट्रस्ट द्वारा प्रदेश में 200 ऐसे सहयोगी सदस्य बनाए जायेगे जो और इनसे पांच हजार रु. या स्वेच्छिक रूप से इससे अधिक की राशि इस स्थल पर निर्माणाधीन आईमाता मंदिर हेतु समर्पण कराई जाएगी। ट्रस्ट की गतिविधियों के और विस्तार करने के उद्धेश्य से बवानी के भगवान मुकाती (जडी-बूटी) को सर्वानुमति से ट्रस्ट का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। हीरालाल पटेल



सा. भिकुपुरा द्वारा यहाँ प्रस्तावित ÷हरिदासजी भक्त निवास÷ हेतु एक कक्ष के निर्माण हेतु निर्धारित राशि 03 लाख 51 हजार रु. अपनी ओर से देने की घोषणा की गयी। समाधि स्थल तक पहुँचने के लिए निर्मित पुल के अतिरिक्त मुख्य मार्ग से एक रास्ता तैयार किया गया है। जिससे अब समाधि स्थल तक चार पहिया वाहन भी आसानी से पहुँच सकते हैं। बैठक में पधारे समस्त समाज जनों ने इस मार्ग का अवलोकन भी किया और आज की बैठक में अधिकाँश वहां भी इसी मार्ग से समाधि स्थल तक पहुंचे। समाधि स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नियमित रूप से भोजन व्यवस्था भी प्रारम्भ हो गयी है और यहाँ ठहराना भी संभव हो गया है। सभी ने इन कार्यो की सराहना की और आगे भी पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय सिर्वी महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मुकाती (वी.आई.पी.), देवास जिलाध्यक्ष नत्थूसिंह गेहलोत, धार के जिलाध्यक्ष राधेश्याम मुकाती, बडवानी के जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी, सिर्वी शिक्षण समिति बडवानी के अध्यक्ष रणछो पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह परीहार, महेश्वर जनपद पंचायत के सी.ई.ओ. लक्षमण राठोर, हीरालाल पटेल उपस्थित थे। सम्पूर्ण व्यवस्था ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश परिहार, ट्रस्टी एवं निर्माण समिति प्रमुख भगवान भाई जमादार, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष गोविन्द कोटवाल, तथा ग्राम छोटीखरगोन के समाज बंधुओं मे समाज के वरिष्ठ भगवान कोटवाल के मार्गदर्शन से संपन्न की. बडवानी, खरगोन तथा धार जिले के अनेक समाज बन्धु इस अवसर पर उपस्थित हुए। हरिदासजी ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य तथा ओम्कारेश्वर एवं उज्जैन ट्रस्ट के अनेक पदाधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थ

**कलेक्टर ने बच्चों को खिलाई एलबेण्डा जोल की गोली**

# राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

सतना राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने शहरी क्षेत्र के सिविल लाईन स्कूल में बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेण्डा जॉल की गोली खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के 1 साल से 19 साल तक के बच्चों और किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई गई। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद अमित अवस्थी, सीएमएचओ डॉ. एलके तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सौरभ सिंह, डॉ. सुचित्रा अग्रवाल, डॉ. चरण सिंह सहित विभागीय अधिकारी एवं विद्यालयीन शिक्षक गण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि



मुक्ति दिवस पर 1 से 2 वर्ष के बच्चों को 400 मिलीग्राम की आधी गोली चूरा करके 2 वर्ष से 3 वर्ष के बच्चों को 400 मिग्रा की एक गोली चूरा करके एवं 3 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को 400 मिग्रा की गोली का सेवन कराया गया। स्कूलों में गोली का सेवन नोडल शिक्षकों एवं आंगनवायिों में मैदानी कार्यकर्ताओं की उपस्थित में चबाकर एवं पानी के साथ करवाया जा रहा है।अभियान के तहत 1 से 5 साल के बच्चों को आंगनवाी केन्द्रों में एलबेण्डा जोल का सेवन करवाया गया। 5 से 19 साल के बच्चों का कृमिनाशन शासकीय स्कूलों, निजी स्कूलों एवं शासकीय अनुदान प्राप्त स्कूलों में किया गया। स्कूलों में नोडल शिक्षक की उपस्थिति में गोली खिलाई गई। इसी प्रकार स्कूल छो हुए एवं स्कूल अप्रवेशी बच्चों को आंगनवाी कार्यकर्ता की उपस्थिति में एलबेण्डाजोल की चबाने की गोली का सेवन कराया जा रहा है। छूटे हुए बच्चों को मॉपअप राउण्ड के तहत 15 सितम्बर को एलबेण्डाजोल का सेवन करवाया जायेगा।

# विकासखण्ड स्तरीय आयुष्मान स्वास्थ्य मेला आज नागौद में

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

**सतना** भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न योजनाओं के शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष्मान भवः अभियान के अन्तर्गत सतना जिले में 6 सितम्बर से 15 सितम्बर तक विकासखण्ड स्तरीय आयुष्मान स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में जिले मं आयोजित इन स्वास्थ्य मेलों में चिकित्सा महाविद्यालय सतना के विशेषज्ञों द्वारा आने वाले हितग्राहियों को स्वास्थ्य जांच उपचार, परामर्श प्रदान किया जायेगा। निर्धारित कार्यक्रमानुसार 13 सितम्बर को सिविल अस्पताल नागौद में, 14 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उचेहरा में और 15 सितम्बर को सिविल अस्पताल मैहर में विकासखण्ड स्तरीय मेले का आयोजन किया जायेगा। विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य मेले में हृदय रोग, कैंसर, स्त्री रोग, शिशु रोग, दंत रोग, क्षय रोग, चर्म रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, डायबिटीज, कुष्ठ रोग, 0 से 18 वर्ष के बच्चों की 4 डी स्क्रीनिंग, मानसिक रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच एवं परीक्षण, पैथालाजी जांच की जाएगी तथा आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया जावेगा। रक्तदान, नेत्रदान, देहदान, पोषण आहार, स्वच्छता, परिवार कल्याण नसबंदी ऑपरेशन एवं एड्स संबंधी जानकारी एवं परामर्श दिया जावेगा। आयुष्मान मेले में आने वाले हितग्राही जिन्हें उच्च उपचार (सर्जरी) की आवश्यकता हैं। उन्हें आयुष्मान योजनान्तर्गत चिन्हित अस्पताल में रेफर कर निःशुल्क इलाज कराया जायेगा। आयुष्मान मेले में आने वाले हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड तथा हेल्थ आईडी कार्ड भी बनाया जायेगा। इसके लिए हितग्राही अपना परिवार समग्र आईडी, आधार कार्ड, एवं आधार लिंक मोबाइल नम्बर साथ उपस्थित हो।

# गांव 19 पीटीडी में ग्रामीणों ने किया गोगा देवी का स्वागत

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

गंगानगर राजस्थान रायसिंहनगर।2023 विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे चुनावी माहौल भी गरमाने लगा है, सभी पार्टियों के कार्यकर्ता जहां टिकटों के वितरण का इंतजार कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर सभी पार्टियों के कार्यकर्ता किसी भी प्रकार की गतिविधि हो चाहे सामाजिक हो चाहे राजनीतिक हो सभी में बढ़-चढ़कर भागीदारी ले रहे हैं, जिनमें से कई ऐसे कार्यकर्ता भी हैं जो बरसाती मेंढक की तरह केवल चुनाव के समय में ही नजर आते हैं। वहीं कई एक्टिव कार्यकर्ता जो हर समय जनता की सेवा में समर्पित रहते हैं सभी प्रकार की गतिविधियों में हर समय तत्पर रहते हैं सर्व समाज के लिए अग्रणी रहने वाले 36 काम की सेवा में समर्पित ऐसे कार्यकर्ताओं को इस बार विधायक बनाने का मानस भी जनता बन चुकी है, उन्हें में से एक है गोगा देवी नायक जो कि अभी वर्तमान में महिला कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष के पद पर रहकर हर किसी प्रकार की राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों में अपनी अहम भूमिकाएं निभा रही है, कहा जाता है कि गोगा देवी धरातल से जुड़ी हुई तन मन धन से गरीबों की सेवा करने वाली महिलाओं के लिए हमेशा सुख-दुख में तत्पर रहने वाली गोगा देवी नायक ने अपनी मेहनत और समाज सेवा की बदौलत जनता के दिलों में जगह बना ली है, और कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने का मन भी बना लिया है इंतजार है तो बस कांग्रेस के आलाकमान के फैसले का दिया जाता है तो इस बार कांग्रेस पार्टी के



अगर आलाकमान द्वारा गोगा देवी को टिकट रिपीट होने का शत प्रतिशत अनुमान लगाया जा सकता है।आमजन के साथ हमेशा तत्पर रहने वाली गोगा देवी नायक केवल समाज ही नहीं 36कॉम को साथ लेकर चलने वाली महिला कार्यकर्ता है जो हमेशा ही एक एक्टिव कार्यकर्ता के तौर पर जनता की सेवा के लिए समर्पित नजर आती रही है। इसी बीच गत दिवस रायसिंहनगर विधानसभा के गांव 19 पीटीडी में गोगा देवी का स्वागत किया गया, इस दौरान सर्व समाज ने गोगा देवी का साथ देकर उन्हें विधायक पद का ताज पहनने का आश्वासन दिया।गांव 19पीटीडी में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया जहां पर गोगा देवी ने सभी का तह दिल से आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अगर पार्टी मुझे टिकट देती है तो मुझे पूर्ण विश्वास है की सर्व समाज मेरा भरपूर सहयोग करेगा मैं भी उनकी उम्मीदों पर खरा उतरकर रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में आमजन की समस्याओं का निराकरण करने में पीछे नहीं हटूंगी चाहे वह क्षेत्र का विकास हो चाहे महिला सुरक्षा हो चाहे अन्य कोई काम, मैं कंधे से कंधा मिलाकर सर्व समाज के साथ चलूंगी।इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि हमें पूरा विश्वास है कि गोगा देवी नायक अपने किए वादों से पीछे नहीं हटेगी! साथ ही उन्होंने कहा कि आज तक हमने सभी प्रकार से सक्षम उम्मीदवारों को भी विधायक बना कर देख लिया लेकिन रायसिंहनगर क्षेत्र में गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं इसीलिए इस बार हम गोगादेवी नायक को अपने विधायक के रूप में देखना चाहते ह

# स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरणा लेकर सृजन करें युवा साहित्यकार :दिलीप मिश्रा

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** मध्य भारतीय हिंन्दी साहित्य सभा ग्वालियर के तत्वावधान में गत दिवस÷ युवा साहित्यकार गोष्ठी ÷का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर के वरिष्ठ कथाकार श्री दिलीप मिश्रा जी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कवि राजहंस त्यागी एवं सभा का प्रतिनिधित्व सह मंत्री उपेंद्र कस्तूरे ने किया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। मां सरस्वती की वंदना पलक सिकरवार ने एवं कार्यक्रम का संचालन युवा साहित्यकार शिवम सिसोदिया ने किया। संयोजक डॉ करुणा सक्सेना ने सभी का स्वागत किया एवं युवा साहित्यकार गोष्ठी आयोजित करने के लक्ष्य की ओर सभी का ध्यान केंद्रित किया। गोष्ठी के सहसंयोजक रामानुज पाराशर ने पुष्प भेंट कर सभी का स्वागत किया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में दिलीप मिश्रा ने सभी युवा साहित्यकारों को शुभाशीष देते हुए सार्थक लेखन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा यदि युवा साहित्यकार स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरणा लेकर लेखन कार्य करेंगे तो निश्चित ही इस देश का भविष्य बहुत ही उज्जवल होगा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजहंस त्यागी ने सभी युवा साहित्यकारों को व्याकरण, उच्चारण एवं प्रस्तुतीकरण पर मार्गदर्शन दिया। गोष्ठी में राजेश अवस्थी ÷लावा÷ , व्यक्ति उमड़ेकर, रामानुज पाराशर, शिवम सिसोदिया, पलक सिकरवार, अभिषेक व्यास, दिव्यांश जैन, विकास बघेल, बृजेश कुशवाह सहित शहर के अनेक युवा साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। अंत में साहित्य सभा की साहित्य मंत्री डॉ. मंदाकिनी शर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं युवा साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया।




कार्यक्रम में किए गए काव्य पाठ के काव्यांश इस प्रकार रहे।

÷श्री कृष्ण ही सत्य है मनुज नही है सत्य
इसी सत्य से अनजान आज का मानव है संत्रप्त÷।

***दिलीप मिश्रा***

÷मां का समर्पण शब्दों में कौन कह सकता है
जो मन सहती है और कौन सह सकता है।

**राजहंस त्यागी**

÷नेह के बान नहीं जन छूटत, प्रेम के बान रहे पग धारे
देह के बान रहे बिसरे मन, जीवन जीवन जीव पुकारे÷।

**रामानुज पाराशर**

÷बरसों का कोई विरही मयूरा, पुनः नाचने लगता है।
आतप पीति तृषित पपीहा, मेघ ताकने लगता है÷।

**शिवम् सिंह सिसौदिया**

÷खुद पर गर्वित होंगे हम भी
एक दिन चर्चित होंगे हम भी÷।

**विकास बघेल**

÷मति मथ मथ मंथन करते, रामम रामम फिर जपते जपते
जपते जपते वे न थकते, राम जिनके मन बसते÷।

**बृजेश कुशवाह**

उपवन उपवन भटकत है मृग
गीतातीत सुगंध के शोध में है मन।

**व्याप्ति उमड़ेकर**

÷प्रेम ये आधा रहा और अर्ध की कविता बनी
कूबड़ी न रुक्मणि न राधा सी ललिता बनी।

**पलक सिकरवार**

÷मैं हिंदी का हूं वक्ता आप हिंदी के हैं श्रोता
हमको गुमान होना चाहिए, हमको अपनी मातृभाषा पर अभिमान होना चाहिए÷।

**अभिषेक व्यास**

÷जो नहीं है वह होने की होड़ में कहीं खो ना जाए यह अंतकरण÷

**दिव्यांश जैन**

इसी प्रकार अन्य युवा साहित्यकारों ने भी अपनी श्रेष्ठ प्रस्तुति दी कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय एवं रोचक रहा

## मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर सोलहवे दिन भी रही हड़ताल जारी , धरना स्थल पर कराया सुंदरकांड का पाठ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद-** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर पूरे प्रदेश भर में पटवारियो की कलम बंद हड़ताल चल रही है इसी के चलते विधायक बंगले के पास पटवारी संघ गोहद के द्वारा 28 अगस्त से सभी पटवारियो ने कलम बंद हड़ताल शुरू की है जहां 2800 ग्रेड पे की मांग सहित अन्य मांगो को लेकर 16 दिन भी हड़ताल जारी रही वही इस दौरान पटवारी संघ द्वारा प्रतिदिन कार्यक्रम किए जाते है इसके दौरान हनुमान जी के चरणों में पत्र के माध्यम से अर्जी लगाई जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री के नाम गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा को ज्ञापन सौंपा, वहीं 12 सितंबर को निरंतर 16 वे हड़ताल के दौरान सुंदरकांड का पाठ संगीत में तरीके से आयोजित




किया गया जानकारी देते हुए संजय शर्मा एवं महेंद्र भदोरिया ने जानकारी देते हुए बताया की पूर्व में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा 2800 ग्रेड पे की घोषणा की गई थी लेकिन वह आज तक लागू नहीं हुई साथ ही अन्य मांगे भी पूरी नहीं हुई है जिसको लेकर कलमबंद हड़ताल करते हुए धरने पर बैठ गए हैं जब तक निराकरण नहीं होता तब तक कार्य नहीं करेंगे इस दौरान लगभग आधा सैकड़ा से अधिक पटवारी मौजूद रहेपटवारियों की हड़ताल से हितग्राही हो रहे परेशान-पटवारी संघ द्वारा 28 अगस्त से कलम बंद हड़ताल शुरू होकर सोलहवें दिन भी जारी रही जिस कारण किसान,छात्र छात्राएं,एवं अन्य हितग्राहियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हितग्राही आए दिन कार्यालयों के चक्कर काटते रहते हैं लेकिन हड़ताल के चलते कार्य नहीं हो पा रहे हैं

## विधवा महिला के आवासीय प्लाट पर किया कब्जा कलेक्टर से की शिकायत

**मुरैना।** शहर के शिकारपुर में स्थित एक विधवा महिला के आवासीय प्लॉट पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है और महिला को वहां पर ना आने की धमकी दी जा रही ह। पीड़ित विधवा महिला ने जिला कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित विधवा महिला चंद्रकांता पत्नी स्व. रामजीलाल ने कलेक्टर को दी शिकायत में बताया कि 23 फरवरी 2022 को एक आवासीय भूखण्ड मौजा शिकारपुर सर्वे क्रमांक 131/मिन-2 में से क्षेत्रफल 725 वर्गफीट को विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 257920224119097 द्वारा विक्रेता धीर सिंह तोमर पुत्र गेंदासिंह आदि से क्रय किया था। जिसका पटवारी अभिलेख में क्षेत्रफल 725 वर्गफीट पर मेरे नाम से नामांतरण स्वीकार होकर



दर्ज है, परंतु उक्त भूखण्ड के बगल में निवास कर रहे सुधीर सक्सेना एवं अनूप सक्सैना ने उक्त भूखण्ड की 250 वर्गफीट जगह पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जब प्रार्थी उक्त भूखण्ड पर निमार्ण कार्य करने गई तो उक्त दोनो लोग मुझ बुजुर्ग महिला से लड़ाई-झगडा करने लगे और मुझे वहां से भगा दिया और मुझ से कहने लगे कि अम्मा अब उक्त प्लाट को भूल जाओ, यह शेष 500 वर्गफीट जगह हमारे पहचान वालों की है और भविष्य में यहां कभी आना भी नहीं।

पीड़ित विधवा महिला ने कलेक्टर से अपील की है कि उक्त प्लाट को अपनी सम्पूर्ण जीवन भर की कमाई एकत्र करने के बाद रहने के लिये क्रय किया था। जिसमें मैं रहकर अपना जवीन व्यतीत कर सकूगी तथा मेरे पति रामजीलाल का देहांत हो चुका है, इसलिये उक्त दबंग लोगो से मुझ बुजुर्ग महिला के प्लाट को खाली कराकर मुझे प्रदान किया जावे, जिस पर भवन बनाकर मैं अपना जीवन यापन कर सकूं।

## ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्रों में 346 लोगों ने किया माकपोल




**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

सतना जिले में विधानसभा स्तर पर ईव्हीएम का प्रदर्शन किया जा रहा है। मंगलवार को जिले की 7 विधानसभा क्षेत्रों में 346 लोगों ने माकपोल किया गया। जिसमें सतना के संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में 80, रैगांव के तहसील कार्यालय कोठी में 25, तहसील मझगवां कार्यालय में 61, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय नागौद में 90, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय मैहर सभाकक्ष में 12, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय अमरपाटन 54 एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय रामपुर बघेलान में 24 सहित कुल 346 लोगों ने माकपोल किया।

## बराखुर्द एएनएम उर्मिला वर्मा पति हीरालाल वर्मा पति-पत्नी के वसूली की पोल खुली

खबर मध्य प्रदेश सतना जिले के मैहर तहसील एवं अमदरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत उपस्वास्थ्य केंद्र बराखुर्द एएनएम उर्मिला वर्मा के द्वारा गरीब आदिवासी महिलाओं के साथ खिलवाड़ कर रही। बेचारी गरीब भोली भाली आदिवासी महिला हितग्राही इनके दुर्व्यवहार से बहुत पीड़ति व परेशान हैं। एएनएम के द्वारा शासकीय योजना का स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाले लाभ से इन महिलाओं को किया धोखे में रख वंचित किया जा रहा है।जिसको लेकर बराखुर्द अंतर्गत ग्राम बिहराखुर्द में आदिवासी महिलाओं के द्वारा बताया गया कि एएनएम उर्मिला वर्मा पति हीरालाल वर्मा इनके द्वारा गरीब अनपढ़ आदिवासी महिलाओं के साथ डिलेबरी हो जाने के बाद बोला जाता है की तुम लोग अगर 16000 की राशि का लाभ लेना चाहते हो। तो हमें 3000 रुपए दो तो हम आप लोगों को 16000 की राशि का कागज बना देंगे। तो हम


Discharge Slip

Details of the baby

गरीब आदिवासी महिला पढ़े लिखे ना होने के कारण हम लोग गरीब आदिवासी महिला 1500 रुपए की राशि हम दे देते हैं।और आज दिनांक तक किसी प्रकार से हमें इसका लाभ नहीं मिलाबिहराखुर्द निवासी संगीता सिंह पति विनोद सिंह के द्वारा बताया गया की सन् 2019 में हमारी डिलीवरी आशा के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदेरा करवाई गई जिसमें हमें शासन के द्वारा जो 16000 की राशि संबल कार्ड के आधार पर दी जाती है वह पैसा आज तक हमें नहीं मिला है 16000 रुपए की राशि का हमें लाभ दिलाने के लिए एएनएम उर्मिला वर्मा के पति हीरालाल वर्मा मैहर सिविल अस्पताल में स्वीपर सुपरवाइजर के द्वारा हम से 1500रु.लिया गया जो 16 हजार का लाभ अभी तक नहीं मिला और रेणुका सिंह पति होशियार सिंह निवासी बिहराखुर्द के द्वारा बताया गया की हमारी डिलेवरी 2020 में हुई थीं और एएनएम उर्मिला वर्मा के द्वारा हमसे1500 लिया गया जो हमें 16000 की राशि का लाभ अभी तक नहीं मिला। 500 क्योंकि खर्च लगता है और हमें

एक कहावत है

**सैया रहे कोतवाल तो काहे को डर- एएनएम उर्मिला वर्मा, के पति हीरालाल वर्मा मैहर सिविल अस्पताल में स्वीपर सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ है। कागजों की हेरा फेरी करने में मास्टरमाइंड है । जिस कारण ना तो जांच होती ना ही शिकायत का निराकरण। 181 में कंप्लेंट करने पर। विभाग द्वारा बंद कर दिया जाता है देखना यह है कि क्या अब शासन प्रशासन एवं स्वास्थ्य अधिकारी उन गरीब आदिवासी महिलाओं को न्याय दिला पाएंगी य गरीब आदिवासी महिला न्याय के लिए इधर-उधर भटकती ही रहेंगी।**

## अंबाह में दिनदहाड़े व्यापारी को लूट कर किया घायल, बचाने आया पड़ोसी भी जखमी

### -पुलिस ने लूट के मामले को मारपीट में किया तब्दील

**मुरैना।** जिले के अंबाह थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर दुकान पर बैठे एक व्यापारी से दो आरोपियों ने रंगदारी करते हुए शराब के लिए रुपए मांगे विरोध करने पर आरोपियों ने पिस्टल के वट से उसे घायल कर दिया। इस दौरान बचाने आए पड़ोसी को भी आरोपियों ने फरसा मारकर घायल कर दिया तथा नगदी रुपए गले से लूट ले गए। जब घायल व्यापारी थाने पहुंचे तो पुलिस ने लूट का मामला मारपीट की धाराओं में तब्दील कर दिया।बताया जाता है कि उमेश अग्रवाल निवासी अंबाह मंगलवार की दोपहर 12-30 बजे पुराने थाने के पास स्थित




अपनी बर्तन की दुकान पर बैठा हुआ था, तभी आलोक तोमर निवासी बाद का पुरा, उपेन्द्र सिंह सरपंच निवासी खाद का पुरा स्विप्ट गाडी न. एम पी 07 जेडबी 2798 से आकर दुकान में घुस आए व शराब के लिए रुपए मांगे, विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए कट्टे के वट एवं लात घुंसों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। दुकान में आरोपियों द्वारा उत्पात मचाए जाने के दौरान पड़ोसी संजय सिंह चंदेल उसे बचाने आया तो आरोपियों ने उसके सिर में फरसा देकर उसे भी घायल कर दिया। इस दौरान घायल युवक के पिता एवं भाई भी आ गए, तब तक आरोपी धमकी देकर वहां से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने दुकान से रुपए लूटने की बात कही है, लेकिन अंबाह थाना पुलिस द्वारा इस मामले में लूट की धारा ना लगाते हुए दुकान में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि दुकानदार व उसका पड़ोसी इस हमले में बुरी तरह घायल हुए हैं, लेकिन पुलिस द्वारा दबाव के चलते मामले को मामूली धाराओं में दर्ज किया गया है।

## जिलेभर में नाइट गस्त के दौरान 224 आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद ठाकुर के निर्देशन में नाइट कांबिंग जिले भर में कराया जा रहा है जिसके तहत बीती रात्रि 224 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।बताया जाता है कि जिले के समस्त थाना क्षेत्रों के कुल 246 अधिकारियों / कर्मचारियों के द्वारा अपने- अपने थाना क्षेत्रों में नाइट कॉम्बिंग गस्त के दौरान कुल 224 अपराधियों का गिरफ्तार किया गया, जिसमें से 121 गिरफ्तारी वारंटी, 79 स्थाई वारंटी एवं 24 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। साथ ही 02 जिलाबदर के आरोपियों की चैकिंग की गई।



## कलेक्टर, एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

सतना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा तथा पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता मंगलवार को उचेहरा विकासखंड के भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत पोंी, पिथौराबाद, महाराजपुर, परसमनिया, कारीमाटी और गुा के मतदान केन्द्रों का संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदाताओं से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष चुनाव कराने विधि सम्यक रूप से मतदान करने की समझाइश दी। इस मौके पर एसडीएम उचेहरा सुधीर बेक भी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478